www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 76 || लखनऊ
मंगलवार
16 जून 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 07:02
अधिकतमः 39°00
न्यूनतमः 30°00



पेज 07
विशेष समाचार — शिक्षा में एक नये युग एवं ... >> पेज 04
चाइनीज मांझे से मंत्री के भतीजे ... >> पेज 06
'कुमकुम भाग्य' एक्ट्रेस संचिता...

# जेवर बना यूपी की नई पहचान : सीएम

## जेवर एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट शुरू, जमीन देने वाले किसान लखनऊ पहुंचकर योगी से मिले

**निर्माण**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नोएडा/लखनऊ। नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो गई हैं। सोमवार को लखनऊ से इंडिगो की फ्लाइट पहली बार यहां उतरी। वाटर कैनन से फ्लाइट को सलामी दी गई। यह फ्लाइट 161 यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जाएगी। दूसरी फ्लाइट से एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले 20 महिलाओं समेत 170 किसान नोएडा से लखनऊ पहुंचे और सीएम योगी से मुलाकात की।

>> (शेष पेज 06 पर)




सीएम ने कहा- भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी यूपी, प्रदेश और देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा पीएम मोदी की है और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है। सीएम ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थी, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था।




### किसान बोले- सालों पुराना सपना आज पूरा हो गया

किसान इकबाल कल्लू ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन गई थी और आज उसी एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व की बात है। सरकार ने किसानों को सिर्फ मुआवजा ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें विकास यात्रा का सहभागी भी बनाया है। महिला किसानों में भी एयरपोर्ट को लेकर उत्साह दिखा। किसान मीनू ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद पहली बार उन्होंने अपनी जमीन को आसमान से देखा। यह अनुभव शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। प्रदेश में विकास की नई धारा बह रही है, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

### सीएम बोले- जेवर एयरपोर्ट से किसान के उत्पाद पहुंचेंगे दुनिया के बाजार तक

*सीएम ने कहा कि आज बड़ी-बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। अब यहां 'कुबेर' भी आने वाले हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो और एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश के किसान अन्न, फल, मत्स्य और सब्जियों जैसे उत्पादों को कार्गो के जरिए दुनिया के बाजार तक पहुंचा सकेंगे। स्थानीय बाजार में जहां उन्हें कम कीमत मिलती है, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई गुना ज्यादा दाम मिल सकता है। सीएम ने उदाहरण देते हुए कहा कि आम की कीमत यहां अधिकतम 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंचती है, जबकि दुनिया के बाजार में यही आम 800 से 1000 रुपए किलो तक बिकता है। अगर 200 रुपए प्रति किलो कार्गो खर्च भी जोड़ दिया जाए, तो भी किसान को करीब 600 रुपए का लाभ मिल सकता है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वे समृद्ध होंगे।*




किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया। किसान धर्मवीर शर्मा ने कहा कि उनके गांव में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है। हवाई चप्पल पहनने वाले किसानों को हवाई जहाज में बैठाकर सरकार ने साबित किया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है।

*सीएम ने कहा- भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी यूपी, प्रदेश और देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा पीएम मोदी की है और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है।*

### कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा विकास पहले नहीं देखा

बुजुर्ग किसान जयवीर ने कहा कि उन्होंने जीवन में कई सरकारें देखी हैं, लेकिन विकास का ऐसा दौर पहले कभी नहीं देखा।

किसानों को सम्मान देने की यह पहल हमेशा याद रखी जाएगी। वहीं, जयकरन सिंह ने कहा कि किसान पूरी तरह संतुष्ट हैं और एयरपोर्ट बनने से आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

### सीएम बोले- जेवर बना यूपी की नई पहचान

सीएम ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था।

शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थी, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी।

किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल, रोजगार, गरीबों के लिए कोई पहल नहीं होती थी।



# मैसूर के रेस्टो-पब में आग, 2 की मौत

## 5 घायल, 7 का रेस्क्यू किया गया, पब के अंदर 25 लोग थे

**तमसा संकेत, एजेंसी**




मैसूर। कर्नाटक के मैसूर में सोमवार को एक रेस्टो-पब में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। मरने वालों में दार्जिलिंग के 26 साल के शाहीन और नेपाल के रहने वाले 24 साल के प्रकाश हैं। सात लोगों को बचा लिया गया। अस्पताल में जिन लोगों का इलाज चल रहा है, उनमें ग्राहक सोनू, रमेश, महादेव प्रसाद, प्रज्वल, अविनाश और पब के मालिक प्रीतम पुमीत शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक दत्तगल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास फॉक्स डेन लिकर गैराज बार और रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। दिल्ली में मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में 3 जून को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी।

> मैसूर के दत्तगल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास फॉक्स डेन लिकर गैराज बार और रेस्टोरेंट में आग लगी।

# लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का परीक्षण कामयाब

## भारत की डीप स्ट्राइक क्षमता बढ़ी, रास्ता बदल सकती है

**तमसा संकेत, एजेंसी**

चांदीपुर। भारत ने लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की अपनी क्षमता को और मजबूत करते हुए स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) की सफल टेस्टिंग की है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जिसमें मिसाइल ने अपने सभी मिशन सफलतापूर्वक हासिल किए। LRLACM ऐसी क्रूज मिसाइल है, जिसे जमीन पर बने दूर के लक्ष्यों पर सटीक हमला करने के लिए बनाया जाता है। यानी यह 1000km दूर बने दुश्मन के ठिकानों पर भी अटैक कर सकती है। LRLACM पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित की गई मिसाइल है। इसके सभी प्रमुख सब-सिस्टम DRDO की लैब और भारतीय उद्योग साझेदारों ने विकसित किए हैं। बेंगलुरु में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (ADE) इस प्रोजेक्ट की नोडल लैब है। क्रूज मिसाइल जेट इंजन से चलती है।



**1000 किलोमीटर दूर बने टारगेट नष्ट करेगी**

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### सैटेलाइट तस्वीरों में देश से मानसूनी बादल गायब

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई।

### पीएम मोदी स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री से मिले

नई दिल्ली/पेरिस/ब्रातिस्लावा। भारत और स्लोवाकिया के रिश्ते व्यापक साझेदारी तक बढ़ाए गए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकियन पीएम रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद द्विपक्षीय डिफेंस और ट्रेड डील हुई। ब्रातिस्लावा के महल में स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको से मुलाकात के बाद मोदी ने फिको को भारत आने का न्योता भी दिया।
स्लोवाकियन पीएम फिको ने मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक चुने गए प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी और इस उपलब्धि को राजनीतिक चमत्कार बताया।

### टीएमसी में टूट से संसद में एनडीए मजबूत होगी

नई दिल्ली/कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (TMC) में बगावत से संसद में NDA की ताकत अब और बढ़ सकती है। TMC के 20 बागी सांसदों के समर्थन के बाद लोकसभा में NDA की संख्या 294 से बढ़कर 314 तक पहुंच सकती है। TMC सांसदों के संभावित इस्तीफों के बाद उच्च सदन में NDA का आंकड़ा 148 से बढ़कर 154 तक पहुंचने की संभावना है।

# आरटीआई एक्टिविज्म अब बिजनेस बन गया है : सुप्रीम कोर्ट

## सरकार अपने काम का ध्यान खुद रख लेगी, पूछा- एक्टिविस्ट कौन होते हैं निगरानी करने वाले

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि RTI एक्टिविज्म नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट की यह टिप्पणी RTI कार्यकर्ता राकेश बेहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में आई। कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, राकेश और राजीव कुमार पर पंजाब के गुरदासपुर में सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे लोगों और मौके पर मौजूद मजदूरों को डराने-धमकाने के आरोप हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, 'इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं।' इससे पहले, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई को दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी RTI के जरिए भ्रष्टाचार उजागर कर पहचान बनाई थी।



### क्या है आरटीआई एक्टिविज्म?

RTI (सूचना का अधिकार) कानून का उपयोग करके सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने को 'RTI एक्टिविज्म' कहा जाता है। इसके तहत सामाजिक कार्यकर्ता या आम नागरिक जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकारी विभागों से महत्वपूर्ण जानकारियां मांगते हैं। हालांकि, हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा इसका गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को डराने या ब्लैकमेल करने के मामले भी सामने आए हैं।

## 3 साल पहले पति-पत्नी ने यह पार्टी बनाई, बैंक बैलेंस 75 रूपये, नारा था- दलबदलू नेताओं को नकारो

# टीएमसी के 20 बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय

**चर्चा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता/नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी। NCPI के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। NCPI अध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल CM शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी।

>> (शेष पेज 06 पर)



### संसद में अलग बैठने की मांग, 5 बड़ी बातें

1. TMC के बागी सांसदों ने स्पीकर से संसद में अलग बैठने की जगह देने की मांग की।
2. काकोली घोष के मुताबिक, नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी NDA को समर्थन देगी।
3. काकोली के अनुसार, बागी गुट के पास दो-तिहाई सांसदों का समर्थन है।
4. ममता बनर्जी गुट ने स्पीकर को पत्र देकर अलग गुट को मान्यता न देने की मांग की।
5. सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा- असली TMC कौन है, इसका फैसला अदालत करेगी। बागी गुट TMC के चुनाव चिन्ह 'जुड़वा फूल' पर भी दावा करेगा।

### एनसीपीआई बंगाल में रजिस्टर्ड, त्रिपुरा से चुनावी शुरुआत की

NCPI का रजिस्टर्ड पता पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बानीपुर इलाके में है। पार्टी ने 2023 में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में चार उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उसके उम्मीदवार या तो NOTA से पीछे रहे या फिर उससे थोड़ा ज्यादा वोट हासिल कर पाए। पार्टी को कुल मिलाकर लगभग 1,198 वोट मिले थे। NCPI के चुनावी पोस्टरों में नारा था- अपने अधिकारों को बचाने के लिए दलबदलुओं को नकारें।

### त्रिपुरा चुनाव के बाद गायब हो गई थी पार्टी

NCPI ने 2023 में त्रिपुरा के चावामानु से बरजेडा त्रिपुरा को उम्मीदवार बनाया था। बरजेडा को 536 वोट मिले थे।

TMC के बागी सांसदों के साथ विलय की बात सुनकर वे हैरान रह गए।

उन्होंने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर हैं।


चुनाव के बाद उनका पार्टी से संपर्क खत्म हो गया था।

**मुलाकात : अयोध्या में ट्रस्ट के संदिग्ध कर्मचारियों से पूछताछ जारी, नृपेंद्र मिश्रा बोले- ढिलाई नहीं बरतेंगे**

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच के लिए एसआईटी पहुंची

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) सोमवार दोपहर 3 बजे अयोध्या पहुंची। सूत्रों के अनुसार, टीम सीधे राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय गई और वहां जांच शुरू की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से जानकारी ली गई है। सूत्रों के मुताबिक, चोरी के मामले में जिन कर्मचारियों पर शक है, उन्हें ट्रस्ट के एक कमरे में बैठाया गया है। ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य गोपाल राव से करीब 2 घंटे पूछताछ चली है। टीम उन IPS अधिकारी से भी जानकारी लेगी, जो दिल्ली से गुप्त जांच के लिए आए थे। अयोध्या पहुंचने से पहले एसआईटी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। टीम में लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत, आईजी किरन एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन शामिल हैं। इधर, राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा- अब मामले में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।



### सपा प्रमुख और पूर्व मंत्री ने चोरी का मुद्दा उठाया था

- सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है।
- विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर CBI जांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ बोले- राम मंदिर के चोरों को बख्शा नहीं जाएगा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद तरुण चुघ सोमवार को झांसी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। राम मंदिर में चोरी के मामले में कहा- जो भी दोषी, अपराधी होगा, उसको बख्शा नहीं जाएगा। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने अयोध्या राम मंदिर दान विवाद पर कहा, यह आरोप कागजों के साथ है, जो मैंने आपको दिखा दिया। अप्रैल 2024 में संत मुरली दास से ज़मीन खरीदी गई, जो नजूल की ज़मीन है।

# बंगाल पुलिस ने जहांगीर खान को दोबारा परेड कराई

## 4 घंटे सड़क पर नंगे पैर चलाया, टीएमसी नेता ने कान पकड़े और हाथ जोड़े

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के फालता में पुलिस ने TMC नेता जहांगीर खान की फिर हाफ पैंट में सड़क पर परेड कराई। इस दौरान जहांगीर ने कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगते दिखे। पुलिस ने चार घंटे नंगे पैर सड़क पर घुमाया। इससे पहले 11 जून को भी फालता में ही जहांगीर की हाफ पैंट में परेड कराई गई थी। जांच के सिलसिले में पुलिस उन्हें फलता लेकर आई है। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उन्हें नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। जहांगीर पर अवैध वसूली और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने का आरोप है। जहांगीर का फालता में दबदबा था। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था। उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा। 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी।



>> (शेष पेज 06 पर)

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, युवती की मौत

दुर्घटना

## युवक घायल, 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी आवाज, मकान पूरी तरह ढहा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज करीब 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट इतना तेज था कि फैक्ट्री वाला मकान पूरी तरह ढह गया और ईंटें बिखर गईं।

हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर फायर ब्रिगेड, SDRF और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है। पटाखा फैक्ट्री के आसपास कोई दूसरा मकान नहीं था, लेकिन धमाके की आवाज सुनकर गांववाले मौके पर पहुंच गए। घटना नगराम थाना क्षेत्र की है। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) भी मौके पर पहुंचा।



धमाके की आवाज करीब 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद बड़ी संख्या में गांववाले मौके पर पहुंचे।

टीम ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सुरक्षा के लिए पूरे इलाके को निगरानी में रखा गया है। प्रशासन की निगरानी में जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। राहत और बचाव टीम मलबे में किसी अन्य व्यक्ति के दबे होने की आशंका को देखते हुए तलाशी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मलबा हटने के बाद नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा।

### लाइसेंसधारी पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट

पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट ग्राम देवती निवासी मो. शफीक (26) की पटाखा फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्र का लाइसेंस-धारी है और यह गांव के बाहर स्थित है। आसपास आबादी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। हादसे में मारिया (22) और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान मारिया की मौत हो गई। वह फैक्ट्री मालिक की भांजी थी। मोहित की हालत गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है। मोहित गांव का रहने वाला है। घटना के समय वह जानवर चरा रहा था और फैक्ट्री के पास पानी पीने आया था। शुरुआती जांच में किसी अन्य के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया।

### सूचना मिलते ही पहुंची फायर ब्रिगेड

गोसाईगंज फायर स्टेशन के एफएसओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 11:18 बजे पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की सूचना मिली। आग की गंभीरता को देखते हुए पीजीआई फायर स्टेशन से दो अतिरिक्त फायर टेंडर और हजरत-गंज से एक एमडीआरवी (मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल) समेत कई वाहन मौके पर भेजे गए।



हादसे में मोहित गंभीर रूप से झुलस गया है।

### धमाके की आवाज सुनकर जुटी भीड़

आसपास के लोगों के मुताबिक, हादसा करीब सुबह 11:30 बजे हुआ। विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज करीब डेढ़ से दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह हादसा शाम के समय होता, जब लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। जनहानि कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# चौकी प्रभारी की शह पर लूटता था गिरोह

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाने वाले गिरोह का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गिरोह के सदस्य खुद को एसटीएफ अधिकारी बताकर नकदी लेकर पहुंचे लोगों को डराते-धमकाते थे और पूरी रकम लूट लेते थे।

मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। चौकी इंचार्ज मोहित की शह पर गिरोह चल रहा था। पुलिस अब गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वहीं मामले में नामजद और संदिग्ध पुलिसकर्मियों की संपत्तियों की भी जांच शुरू कर दी गई है। गिरोह के सभी सदस्यों की भूमिकाएं पहले से तय थीं।



### एसटीएफ अफसर बनकर करते घटना, पुलिसकर्मियों की संपत्ति की भी होगी जांच

सबसे पहले ऐसे लोगों की पहचान की जाती थी, जिनके पास बड़ी मात्रा में नकदी हो और जो निवेश के जरिए अपनी रकम बढ़ाना चाहते हों। इसके बाद उन्हें क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाया जाता था। भरोसा जीतने के लिए दो से तीन बार बैठकें की जाती थीं और फिर पीड़ित को बड़ी रकम लेकर बुलाया जाता था।

फास्ट न्यूज

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा

मोहनलालगंज । लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। रायबरेली से लखनऊ जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में घुस गई। बस ने सामने से आ रही बाइक और एक कार को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे। घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।

### डिप्टी सीएम के कमरे के एसी में लगी आग

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधान-भवन के प्रथम तल पर सोमवार को एयर कंडीशनर (एसी) की यूनिट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कक्ष में लगे एसी की यूनिट में लगी।

धुआं उठता देख विधानभवन के कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मियों को भी बुलाया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण एसी यूनिट में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### लखनऊ में 42 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी

दुबग्गा। लखनऊ में 42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव नीम के पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पूरा मामला काकोरी थाना क्षेत्र के बहरू गांव का है। मृतक की पहचान बहरू गांव निवासी संतू (42) पुत्र मगली के रूप में हुई है। ग्रामीण बताते हैं कि संतू गांव में अकेले रहते थे।

# जनगणना ड्यूटी से गायब 435 कर्मचारियों पर एफआईआर होगी

## नगर निगम ने कार्रवाई की तैयारी शुरू की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में जनगणना-2027 के काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम सख्त हो गया है। ड्यूटी से गायब रहने वाले 435 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संबंधित थानों में तहरीर भेज दी गई है। कर्मचारियों को पहले ही प्रशिक्षण और जरूरी सामग्री उपलब्ध करा दी गई थी। पूरे मामले की लिस्ट लखनऊ डीएम को भी भेजी गई है। नगर निगम के आठों जोनों में जनगणना कार्य के लिए अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायत विभाग और सीएमओ कार्यालय समेत कई विभागों के कर्मचारी शामिल थे। आरोप है कि कई कर्मचारी ड्यूटी पर



नहीं पहुंचे और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण काम में लापरवाही बरती।

नगर निगम के अनुसार, जोन-1 में 69 कर्मचारियों की सूची थाना हजरतगंज भेजी गई है। जोन-7 में 62 कर्मचारी नियुक्ति सामग्री और स्टेशनरी लेने तक नहीं पहुंचे। कई कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद मिले, जबकि कुछ के नंबर गलत पाए गए। इनके खिलाफ थाना गाजीपुर में तहरीर भेजी गई है। इसी प्रकार जोन-3 के 244 कर्मचारियों के खिलाफ थाना अलीगंज, जोन-6 के 165 कर्मचारियों के खिलाफ थाना ठाकुरगंज और जोन-8 के 75 कर्मचारियों के खिलाफ थाना आशियाना में सूची भेजी गई है।

### लखनऊ में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ । लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, वाल्मीकि मोहल्ला निवासी अंजली वाल्मीकि (22) की शादी करीब एक माह पहले लवकुश नगर, सेक्टर-22, गाजीपुर निवासी दिव्यांशु (अंशु) वाल्मीकि के साथ हुई थी। शादी के बाद अंजली मायके आई हुई थी। मृतका के भाई विशाल ने बताया कि रविवार शाम अंजली की फोन पर अपने पति से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह घर के ऊपरी हिस्से में बने टीनशेड के कमरे में चली गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजन उसे देखने पहुंचे। वहां अंजली दुपट्टे के सहारे एंगल से बंधे फंदे से लटकी मिली। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस ने हाथ से छीना पेट्रोल से भरी बोतल, आरोप- चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा

# अपील : विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचीं मां-बेटी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। हददोई की रहने वाली मां-बेटी सोमवार को लखनऊ में विधानसभा के सामने आत्मदाह करने पहुंचीं। लेकिन पुलिस ने दोनों के हाथों से पेट्रोल से भरी बोतल छीन ली। हैं। पुलिस दोनों को हजर-तगंज थाने ले गई। पूछताछ में बताया कि वह संडीला क्षेत्र की निवासी हैं।

बेटी का कहना है कि चाचा ने घर में चोरी किया। बाद में पर मारपीट भी की। लेकिन संडीला पुलिस एफआईआर नहीं दर्ज कर रही है। वह पिछले एक महीने से संडीला थाने के चक्कर लगा रही हैं। इसलिए हमें न्याय के लिए लखनऊ आना पड़ा है। पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया है।



लखनऊ पहुंचने वाली मिथिलेश कुमारी, पत्नी स्वर्गीय देवदार, निवासी ग्राम ककरहिया मजरा भण्डोली, थाना संडीला, जनपद हरदोई की रहने वाली है।

महिला का कहना है कि गांव के मकान में हुई चोरी और संपत्ति विवाद के मामले में स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है। खुद को असुरक्षित महसूस करने और न्याय नहीं मिलने से परेशान होकर वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए लखनऊ आई थीं।

बताया जा रहा है कि पीड़ित पक्ष का कहना है कि स्थानीय पुलिस से कई बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। इससे परेशान होकर परिवार ने विधानसभा के सामने आत्मदाह जैसा कदम उठाने का प्रयास किया।

सोशल मीडिया पर सामने आए एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके घर में चोरी हुई थी, विरोध करने पर मारपीट की गई और जहर देने तक की कोशिश की गई। उन्होंने स्थानीय पुलिस पर प्रभावशाली लोगों के दबाव में उचित कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है। पत्र में मुख्यमंत्री, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### पुलिस ने कहा- सभी आरोपों की होगी जांच

हजरतगंज पुलिस के अनुसार दोनों महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उनके आरोपों और दावों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है तथा हरदोई पुलिस से संपर्क कर मामले के तथ्यों का सत्यापन कराया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दोनों महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और क्षेत्र में कानून-व्य-वस्था सामान्य है। मामले में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## डबल इंजन सरकार में गरीब के लिए एक छत नहीं, चहेतों के लिए डबल आवास : वंशराज दुबे

# पीएम आवास योजना में घोटाला गरीबों के हक़ पर डाका डाला

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश के 427 लाभार्थियों द्वारा अलग-अलग निवास और पहचान दिखाकर दो-दो आवास हासिल करने के खुलासे पर आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना में गड़बड़ी नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों की खुली लूट है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में सामने आया यह मामला साबित करता है कि प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित हैं जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास



427 लोगों का दो-दो पीएम आवास मिलना तकनीकी गड़बड़ी नहीं, भ्रष्टाचार के संगठित सिंडिकेट का सबूत: वंशराज दुबे

मंत्रालय की जांच में प्रदेश के 427 ऐसे लोगों की पहचान हुई है जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दोनों का लाभ उठाकर दो-दो आवास हासिल कर लिए। ललितपुर में 50, बांदा में 26, सीतापुर और प्रतापगढ़ में 21-21 मामलों का सामने आना बताता है कि यह कोई इक्का-दुक्का गलती नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है। वंशराज दुबे ने कहा कि आज उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विभागीय अधिकारी रिकवरी और कार्रवाई की बातें कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह फर्जीवाड़ा हो रहा था, जब अलग-अलग पते और पहचान दिखाकर आवेदन स्वीकृत किए जा रहे थे, तब सरकार की डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था, सत्यापन तंत्र और जांच एजेंसियां आखिर क्या कर रही थीं। बिना विभागीय अधिकारियों, स्थानीय प्रभावशाली लोगों और राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा खेल संभव ही नहीं है।

> आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचने के बजाय फर्जीवाड़े और साठगांठ का शिकार हो गया।

### 427 लोग दो-दो बार आवास का लाभ उठा ले रहे

वंशराज दुबे ने कहा, यह बेहद शर्मनाक है कि जहां प्रदेश का गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवार एक अदद पक्के मकान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक जा रहा है, वहीं दूसरी ओर साठगांठ करके 427 लोग दो-दो बार आवास का लाभ उठा ले रहे हैं। यह सिर्फ तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि उन हजारों गरीब परिवारों के हक पर सीधा डाका है जो आज भी खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच ने यह साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में सुशासन के नाम पर केवल प्रचार किया जा रहा है जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का डबल इंजन पूरी रफ्तार से दौड़ रहा है। यदि सरकार वास्तव में पारदर्शिता और जवाबदेही में विश्वास करती है तो उसे केवल कागजी कार्रवाई और रिकवरी तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में शूटरों की व्यवस्था कराने वाला गिरफ्तार

## 1 लाख का इनामी था, एसटीएफ ने आलमबाग से दबोचा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या के मामले में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने सोमवार तड़के आलमबाग बस स्टेशन के पास से हत्या की साजिश में शामिल एक लाख रुपए के इनामी आरोपी गंगाराम यादव को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, 27 मई 2026 को पीजीआई इलाके में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना पीजीआई में मुकदमा दर्ज कर एसटीएफ की विभिन्न टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया था। इससे पहले 31 मई को एसटीएफ मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शूटरों समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी।

एसटीएफ को मुखबिर से सूचना



मिली कि मामले में वांछित और एक लाख रुपए का इनामी आरोपी गंगाराम यादव आलमबाग बस अड्डे के पास मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में गंगाराम यादव ने बताया कि उसने दिनेश कुमार यादव और उसके चालक मुकर्रबीन उर्फ मुबीन के कहने पर हत्या के लिए शूटरों की व्यवस्था कराई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी हत्या की साजिश में अहम भूमिका निभाने वालों में शामिल है।

## आरोप : सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत तैयारी करने का आह्वान किया

# 2027 का चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई, भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई होगा। उन्होंने दावा किया कि यदि लोकतंत्र को बचाने के लिए अभी प्रयास नहीं किए गए तो यह प्रदेश का अंतिम स्वतंत्र चुनाव भी साबित हो सकता है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी ताकत से चुनावी तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बूथ प्रबंधन और मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार हमेशा शिष्ट होना चाहिए। किसानों और युवाओं के मुद्दे उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को खाद-बीज और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जबकि डीजल की बढ़ती कीमतों से खेती की लागत बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि हत्या, लूट तथा महिला अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में एक्सप्रेस-वे, आईटी सिटी, स्टेडियम और सड़कों के निर्माण के जरिए विकास का रास्ता दिखाया था, जबकि भाजपा सरकार विकास के मोर्चे पर अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी।

> सपा प्रमुख ने भाजपा पर साम्प्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के हितों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है, जिससे भाजपा घबराई हुई है और उसके खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

### अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और 2027 में भाजपा का सत्ता से बाहर होना तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की नीतियों और कथित नाकामियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है तथा प्रदेश में भूमाफियाओं को संरक्षण मिल रहा है।

# लखनऊ-कानपुर रोड पर युवक ने वाहनों पर बरसाए ईंट-पत्थर

## बाइक सवार घायल, कई गाड़ियों के शीशे टूटे, आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक युवक ने कानपुर रोड पर जमकर उत्पात मचाया। उसने राहगीरों और वाहनों पर ईंट-पत्थर बरसाए, जिससे एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई वाहनों के शीशे टूट गए। आरोपी युवक घायल की बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक के साथ कार में मौजूद तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इस मामले में घायल बाइक सवार की पत्नी ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि हमलावर ने



पास खड़े एक डंपर के शीशे भी तोड़ दिए। इसके बाद वह राममोहन की चाबी लगी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के साथ मौजूद असम प्रांत के गुवाहाटी निवासी अरमान, सरोज कुमार और जौनपुर के सैदनपुर निवासी कार चालक अशोक कुमार से पूछताछ की।

### युवक ने तड़के मचाया उत्पात

सरोजनीनगर की रामविहान कॉलोनी, दरोगाखेड़ा निवासी महिला कल्पना के अनुसार, उनके पति राममोहन सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे बंथरा के शिवपुरा स्थित एक कंपनी से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे।

जब वे बंथरा के हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी स्विफ्ट डिजायर कार से उतरे युवक विद्युत वैश्य ने उन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में राममोहन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

# साधु का हत्यारोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर

हत्या

## उन्नाव में लाउडस्पीकर से भजन बजाने पर की थी हत्या, 1 लाख का इनामी था

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में साधु राममिलन दास उर्फ बाबा मिलन दास सिंह (45) हत्याकांड का मुख्य आरोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर हो गया। SP जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इसराइल ने 9 जून को 4 साथियों के साथ मिलकर बाबा मिलन की हत्या की थी। साधु के भाई ने दावा किया था कि राममिलन शिव मंदिर में लाउडस्पीकर लगाकर भजन बजाते थे, जिससे आरोपी नाराज थे। इसी कारण विवाद हुआ और आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से इसराइल फरार था। सोमवार तड़के 3:40 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी की घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में 36 साल का इसराइल मारा गया।




मुठभेड़ ताजपुर इलाके में हुई। 2 दिन पहले इसराइल पर SP ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। कल यानी रविवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने घटना पर कहा था कि अगर आरोपी सरेंडर नहीं करेगा तो एनकाउंटर होगा ही। इसके बाद टीम ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी को गोली लग गई। पुलिस उसे बांगरमऊ CHC (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक चाकू बरामद किया गया। जिस चाकू से साधु की हत्या की गई थी, उसे भी आरोपी के पास से बरामद कर लिया गया। मंदिर निर्माण के दौरान ही बाबा को धमकियां दी जा रहीं थीं। हालांकि, बाबा ने परिवार को इस बारे में नहीं बताया था, ताकि परिवार में डर का माहौल न बने। उनकी हत्या के बाद ये बात सामने आई है। वहीं, बाबा के दूसरे भाई वीरेंद्र सिंह ने कहा- पुलिस ने एनकाउंर करके अच्छा काम किया। जो अपराधी अभी बचे हैं, उनका भी एनकाउंटर किया जाना चाहिए। इस हत्याकांड के पीछे जो मास्टरमाइंड हैं उनको भी सामने लाना चाहिए। बांगरमऊ थाना के रामनगर के रहने वाले बाबा मिलन दास पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। सबसे बड़े भाई वीरेंद्र सिंह ठेकेदारी का काम करते हैं।

**"एसपी जयप्रकाश ने बताया कि तड़के 3:40 बजे सूचना मिली कि एक लाख का इनामी इसराइल उर्फ इजराइल ताजपुर अंडरपास के पास है। वह किसी साथी का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उसने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एसओजी सिपाही विकास भदौरिया घायल हो गया। दरोगा न्यूटन कुमार सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी।**

### बाबा के भाई बोले- हत्या के पीछे साजिश थी, ताकि मंदिर न बन पाए

इसरायल के एनकाउंटर के बाद साधु के भाई राजेंद्र सिंह ने कहा- बाकी आरोपियों के खिलाफ भी इसी तरह का एक्शन होना चाहिए। बाबा की हत्या साजिश के तहत की गई। क्योंकि, वह मंदिर निर्माण करा रहे थे। वहां भजन-कीर्तन करते थे। हत्या इसलिए की गई कि मंदिर की गतिविधियां बंद हो जाएं।



पुलिस और फोरेंसिक टीम ने एनकाउंटर स्पॉट से सबूत जुटाए।

### बदमाश के घर पर ताला लगा

इसराइल मूल रूप से बांगरमऊ कोतवाली के गांव ततियापुर का रहने वाला था। वह 20 सालों से बांगरमऊ के मोहल्ला पुरबिया टोला में रहता था और मजदूरी करता था। उसके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पत्नी का नाम सईदा है। घर पर ताला लगा है। इसराइल के 8 भाई थे, जिनमें से 2 भाइयों की पहले मौत हो चुकी है। इसराइल पांचवें नंबर का था। भाई पप्पू की 7 महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

# बुजुर्ग पुरोहित छह महीने से लापता

## पिता की तलाश में बेटा थाने के चक्कर काट रहा

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी जनपद के टिकैतनगर क्षेत्र से एक बुजुर्ग पुरोहित पिछले छह माह से लापता हैं। परिजनों ने उनके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से बड़ी रकम निकाले जाने पर सवाल उठाए हैं और इसे पुरोहित के लापता होने से जोड़कर जांच की मांग की है। पुलिस अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लगा पाई है। परिजनों के अनुसार, पूजा-पाठ का कार्य करने वाले यह बुजुर्ग पुरोहित करीब छह माह पहले अपनी मोपेड के साथ घर से निकले थे। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। लंबे समय बीत जाने के बावजूद पुलिस उनकी तलाश में सफल नहीं हो सकी है। लापता बुजुर्ग के पुत्र ने आरोप लगाया है कि पिता के गायब



होने से पहले उनके बैंक खाते से यूपीआई के जरिए एक बड़ी रकम निकाली गई थी। परिवार को आशंका है कि इस वित्तीय लेनदेन और बुजुर्ग के लापता होने के बीच कोई संबंध हो सकता है। उन्होंने धनराशि निकालने वाले व्यक्ति की पहचान कर जांच करने की मांग की है। पीड़ित पुत्र का कहना है कि वह पिछले छह महीनों से अपने पिता की तलाश और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए लगातार पुलिस के चक्कर काट रहा है।

फास्ट न्यूज

### सुनार पर चौथी एफआईआर दर्ज

हरदोई। हरदोई जनपद में एक सुनार सैकड़ों ग्रामीणों के गिरवी रखे सोने-चांदी के जेवर और व्यापारियों से उधार ली गई भारी नकदी व आभूषण लेकर परिवार समेत फरार हो गया है। इस धोखाधड़ी के बाद पीड़ित ग्रामीणों और व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से लेकर थानों के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस के लिए चुनौती बन चुके आरोपी सुनार विपिन गुप्ता और उसके बेटों पर अब तक कुल चार एफआ-ईआर दर्ज हो चुकी हैं।

### नैमिषारण्य में सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

सीतापुर। सीतापुर में अधिमास में पड़ने वाली पावन सोमवती अमावस्या पर सोमवार को विश्व प्रसिद्ध तीर्थनगरी नैमिषारण्य में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्ममुहूर्त से ही चक्रतीर्थ, गोमती तट, राजघाट, देवदेवेश्वर घाट सहित विभिन्न पवित्र स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा अपने पितरों के निमित्त तर्पण और दान-पुण्य किया। सोमवती अमावस्या के विशेष संयोग के चलते श्रद्धालुओं का आगमन एक दिन पहले से ही शुरू हो गया था।

### सड़क हादसे में मृत युवक की हुई पहचान

सीतापुर। सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में 9 जून को हुए सड़क हादसे में मृत युवक की पहचान आखिरकार सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो के आधार पर रविवार देर रात हो गई। युवक के पिता ने वायरल तस्वीर देखकर उसकी शिनाख्त की, लेकिन तब तक पुलिस अज्ञात शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा चुकी थी। मामले में एक नया मोड़ तब आया जब हादसे में प्रयुक्त बाइक के चोरी की होने की बात सामने आई।

## उन्नाव में व्यापारी नेता ने एडीएम को ज्ञापन दिया, आंदोलन की चेतावनी

# खाद्य प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने खाद्य प्रशासन विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। व्यापारी नेता अखिलेश अवस्थी ने बताया कि उन्होंने 2 जून को खाद्य प्रशासन विभाग में कथित भ्रष्टाचार और अधिकारियों के कार्य करने के तरीके को लेकर एक ज्ञापन दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस ज्ञापन के चार दिन बाद ही खाद्य अधिकारी प्रियंका सिंह की ओर से उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटिस के जरिए उन पर कार्रवाई की चेतावनी देकर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अवस्थी ने चिंता व्यक्त की कि यदि एक व्यापारी नेता के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, तो आम व्यापारी अपनी समस्याएं अधिकारियों तक कैसे पहुंचाएंगे।

***"अवस्थी के अनुसार, नोटिस में यह उल्लेख किया गया था कि वह स्वयं खाद्य व्यापारी हैं, इसलिए इस तरह की शिकायत या आवाज नहीं उठा सकते। व्यापारी नेता ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र में यदि वह व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो क्या वे जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उनकी समस्याएं नहीं उठा सकते?***





### आंदोलन की चेतावनी

व्यापारी नेता ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के अंदर खाद्य प्रशासन विभाग के खिलाफ जांच और कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पूरे जिले के व्यापारी बाजार बंद कर बड़े चौराहे पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की आवाज दबाने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार और घूसखोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह शुरू

## निराला उद्यान में अधिकारियों और लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का सोमवार को शुभारंभ हुआ। शहर के निराला उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कृति राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आम लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। यह योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक चलेगा। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने भगवान धन्वंतरि का पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीडीओ के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और योग प्रशिक्षक मौजूद थे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। सीडीओ कृति राज ने योग के महत्व पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और निरोगी समाज की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। सीडीओ ने जानकारी दी कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹Yoga for Healthy Ageing₹ है, जो समाज के हर वर्ग को स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। कृति राज ने यह भी बताया कि योग सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजकुमार, आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# पेट्रोल के रुपये मांगने पर मारपीट

## पंप पर सेल्समैन को पीटा, तोड़फोड़ कर आग लगाने की धमकी दी

- पेट्रोल पंप पर मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।
- पेट्रोल के पैसे मांगने पर युवक ने मारपीट की।

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के पर्वतपुर चौराहा स्थित ओम साईंनाथ पेट्रोल पंप पर रविवार देर शाम पेट्रोल भरवाने के बाद भुगतान मांगने को लेकर विवाद हो गया। पेट्रोल पंप के एक सेल्समैन ने कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पेट्रोल पंप परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कई हो गई है। नकारी के अनुसार ग्राम अल्हनापुर निवासी कोमल कुमार पुत्र दिनेश कुमार पर्वतपुर चौराहा स्थित ओम साईंनाथ पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने थाना रामपुर मथुरा में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि रविवार शाम करीब सात बजे कुछ लोग मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। पेट्रोल भरने के बाद जब उनसे भुगतान के लिए रुपये मांगे गए तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी।

### फ्लिपकार्ट कर्मचारी वेतन वृद्धि के लिए प्रदर्शन पर

उन्नाव। उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित फ्लिपकार्ट कंपनी में सोमवार को कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों तथा कंपनी प्रबंधन के बीच संवाद स्थापित कराया।

सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। उन्होंने कहा कि फिलहाल क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है और दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनके वेतन में उचित बढ़ोतरी नहीं की गई है। उनका कहना है कि काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और अन्य लाभ नहीं मिल रहे हैं। इन्हीं मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कंपनी परिसर में धरना शुरू किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वे अपनी समस्याओं को प्रबंधन के सामने लगातार उठाते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

## पानी के डर से बाहर नहीं निकले, एक घंटे बाद रेस्क्यू हुआ, हरदोई के रहने वाले हैं दोनों

# तालाब में गिरी बोलेरो, दो फंसे

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक अनियंत्रित बोलेरो सड़क किनारे बने तालाब में जा गिरी। इस घटना में वाहन सवार दो लोग करीब एक घंटे तक पानी में फंसे रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों को मामूली चोटें आई हैं और उनका उपचार कराया गया है। यह घटना थाना Jalalabad क्षेत्र के रहपुरा गांव के पास रविवार रात लगभग 12 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, बोलेरो Farrukhabad से जलालाबाद की ओर जा रही थी, तभी पुलिया के पास चल रहे निर्माण कार्य के कारण सड़क पर असंतुलन हो गया। इसी दौरान वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और बोलेरो सीधे सड़क किनारे बने तालाब में जा गिरी। बताया जा रहा है कि वाहन तालाब के काफी अंदर तक चला गया, जिससे उसमें सवार लोग बाहर नहीं निकल सके। बोलेरो में फंसे दोनों व्यक्तियों की पहचान Hardoi जिले के लोनार थाना क्षेत्र के परवन गांव निवासी चांद बाबू और गोलू के रूप में हुई है।



लोगों के अनुसार, दोनों करीब एक घंटे तक वाहन के अंदर ही फंसे रहे। उन्हें यह आशंका थी कि तालाब का पानी गहरा है, इसलिए उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश नहीं की। इसी दौरान क्षेत्र में गश्त कर रहे एक इंस्पेक्टर ने भीड़ देखी तो तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को समझते हुए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर दोनों को सुरक्षित बोलेरो से बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद सोमवार सुबह तालाब में फंसे बोलेरो वाहन को बाहर निकालने का प्रयास जारी रहा। इसके लिए बड़ी मशीनों को मौके पर लगाया गया है ताकि वाहन को सुरक्षित रूप से निकाला जा सके। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें घटना की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंचकर उन्होंने खुद रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकलवाया।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी देखा जा रहा है कि सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य में कहीं लापरवाही तो नहीं हुई।

**बताया गया कि पास में ही एक धार्मिक आयोजन चल रहा था। वहां से गुजर रहे लोगों की नजर तालाब में फंसी गाड़ी की जलती लाइट पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने अन्य लोगों को मौके पर बुलाया। इसी दौरान थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान गश्त करते हुए वहां पहुंचे। भीड़ देखकर उन्होंने गाड़ी रोकी और रात में ही व्यवस्था कर-।कर दोनों को बोलेरो से बाहर निकलवाया।**

## घेराव : 2027 में भाजपा को हटाने के लिए विपक्ष एकजुट होगा, राम मंदिर पर साधा निशाना

# ओवैसी को सभा करने का अधिकार : पूर्व मंत्री गोप

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने जहां एक ओर विपक्षी एकजुटता और पीडीए राजनीति की मजबूती की बात की, वहीं आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक दावा भी किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल और नेता को जनता के बीच जाकर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। इसी क्रम में उन्होंने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को देश के प्रमुख नेताओं में से एक बताया। गठबंधन से



जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। अरविंद गोप ने दावा किया कि भाजपा विरोधी ताकतें लगातार एक मंच पर आने की दिशा में काम कर रही हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश की जनता अब परिवर्तन चाहती है और 2027 विधानसभा चुनाव में बदलाव निश्चित है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार "भगवान राम का आशीर्वाद" समाजवादपार्टी के साथ है और "हनुमान जी का गदा तथा भगवान राम का डंडा" भाजपा पर पड़ेगा, जिससे राजनीतिक बयानबाजी और तेज हो गई है। ओवैसी और बिहार चुनाव में विपक्षी नुकसान से जुड़े सवालों पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के मूल आधार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीडीए किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का मंच है जो उपेक्षा और परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जो भी ताकतें पीडीए को मजबूत करेंगी, उनका स्वागत है और यही गठजोड़ भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा। राम मंदिर चंदा विवाद को लेकर पूर्व मंत्री ने भाजपा पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि Ayodhya की जनता ने 2024 लोकसभा चुनाव में स्पष्ट संदेश दे दिया था, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उसे नजरअंदाज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में सत्ता के प्रति अहंकार बढ़ गया है, जिसका जवाब जनता आने वाले चुनावों में देगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के खिलाफ मतदान करेगी और सत्ता परिवर्तन तय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में विपक्षी गठबंधन और पीडीए की राजनीति और मजबूत होगी।

# बंदरों के आतंक से बुजुर्ग छत से गिरा, मौत

## हरदोई में रविवार रात छत पर सोए थे, सुबह लहूलुहान अवस्था में पड़े मिले

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में बंदरों के आतंक के कारण एक 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति छत से गिर गया। यह घटना लोनार कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर गांव में सोमवार सुबह हुई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार, जगतपुर निवासी बच्चू (52) रविवार रात अपनी छत पर सोए थे। सोमवार सुबह वह अपने मकान के बाहर गली में लहूलुहान अवस्था में पड़े मिले। ग्रामीणों ने उन्हें देखकर परिजनों को सूचना दी। बच्चू के छोटे भाई चंद्रप्रकाश ने बताया कि उनके गांव बाजपुर नकटौरा के मजरा जगतपुर में बड़ी



संख्या में बंदर हैं। ये बंदर अक्सर छतों पर आते-जाते रहते हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। परिजनों का दावा है कि बंदरों की वजह से ही बच्चू का संतुलन बिगड़ा और वह छत से नीचे गिर गए। परिजन बच्चू को तत्काल मेडिकल कॉलेज हरदोई ले गए। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर करने की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि, चंद्रप्रकाश ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में ही भर्ती करा लिया। बच्चू पेशे से किसान हैं। उनके परिवार में पत्नी सुषमा, तीन बेटियां और एक बेटा है।

# सम्पादकीय

## चढ़ावे की चोरी



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला है। सदियों के संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद बना यह मंदिर विश्व भर के हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है। ऐसे मंदिर में चढ़ावे की चोरी की घटना को बहुत ही गंभीरता से लेने की आवश्यकता थी, लेकिन कोई नहीं जानता कि दान की राशि में हेराफेरी की बात सामने आते ही उच्चस्तरीय जांच का निर्णय क्यों नहीं लिया गया? इस मामले में जिस प्रकार एफआईआर दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं समझी गई, उससे अनेक सवाल खड़े होते हैं। यह विचित्र है कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी की भनक सबसे पहले विपक्षी नेताओं को लगी और उनकी ओर से आवाज उठाने के बाद ही मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर गया। इससे तो यही इंगित होता है कि दान में मिले धन के प्रबंधन की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। कम से कम अब तो ऐसा अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। यह समझना कठिन है कि चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इससे इन्कार क्यों किया कि इस तरह की कहीं कोई घटना हुई है? इसके उपरांत जब दान राशि की गिनती से जुड़े लोगों के ठिकानों से लाखों रुपये मिले, तब जाकर इस मामले में थोड़ी गंभीरता दिखाई गई। इनमें से कुछ व्यक्ति तो ऐसे हैं, जिन्होंने महंगी संपत्ति खरीदी और अपने वैभव का सार्वजनिक प्रदर्शन करने में लगे हुए थे। इस सबको देखते हुए यह कहना कठिन है कि दान की राशि में हेराफेरी का सिलसिला पिछले कितने समय से चला आ रहा था। यह ठीक है कि अंततः ट्रस्ट के आग्रह पर एक विशेष जांच दल का गठन कर दिया गया है। यह जांच दल दानपात्रों के सुरक्षा प्रबंध के साथ राशि गिनने और उसे बैंक में जमा करने की प्रक्रिया जांचेगा, लेकिन उचित यह होगा कि यह दल उन कारणों की तह तक भी जाए, जिनके चलते आरंभ में ही चढ़ावे की राशि में हेराफेरी का पता नहीं चल सका। किसी के लिए भी यह समझना कठिन है कि इतने प्रतिष्ठित मंदिर में पहले दिन से ही ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की गई कि दान में मिली पाई-पाई का रखरखाव सही तरीके से हो? किसी को इस प्रश्न का उत्तर देना चाहिए कि प्रारंभ में ही उस कक्ष में सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगाए गए, जिसमें दानपात्रों को खोला जाता था और फिर राशि की गिनती होती थी। उचित यह होगा कि विशेष जांच दल अपनी छानबीन इस तरह करे कि सभी दोषी पकड़े जाएं और ट्रस्ट के जिन भी लोगों ने अपेक्षित जिम्मेदारी का परिचय नहीं दिया, उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाए। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि श्रद्धा का कोई भी केंद्र हो, वहां यदि भक्तों के दान की राशि के साथ किसी भी तरह की हेराफेरी होती है तो उनकी आस्था को गहरी चोट पहुंचती है।

## संतों से धर्म की बोध प्राप्ति

साधु का एक अर्थ सन्यासी है और दूसरा अर्थ सज्जन आदमी हैं। चलती दौड़ती इस तेज रफ्तार जिंदगी में हम कर्म हंस हंस के बांध रहे हैं। हमे ऐसे ही जिंदगी में चलते हुए नहीं टूटते हुए कर्म को बांधते हैं। वह हमको यह भी पता है कि पूरी जिंदगी, इसे तोड़ने में लग जाती है। हमें संसार के इस दुखों से तरना आता नहीं हैं। हम इतने साधु-संतों की जीवन चर्या देख के भी समझ पाते नहीं हैं। अतः हमको दुखों से बचना है तो वही ( धर्म करने) जीवन हैं जो हमें बचाएगा। वही मोक्षगामी बनेगा जो ऐसा जीवन रचायेगा।। आदमी सुनकर कल्याण को, धर्म को जान लेता हैं। वह सुनकर पाप को जान लेता हैं। कल्याण और पाप दोनों को आदमी सुनकर जानता हैं और फिर श्रेयस्कर हों उसका अनुकरण करने को बढ़ता हैं। आदमी संतों और ज्ञानियों से सुनता हैं तो धर्म का बोध प्राप्त होता हैं। अहिंसा , ईमानदारी आदि की भी प्रेरणा मिल सकती हैं। हमारे धर्मसंघ के प्रथम आचार्य श्री भिक्षु हुए।उन्होंने अहिंसा और दया की बात बताईं। आदमी के भीतर क्रोध , मान, माया, लोभ और कषाय होते हैं। उससे आदमी कषायी बन जाता हैं और इनका त्याग कर अकषायी भी बन सकता हैं। स्वाध्याय सार्थक जीवन पुस्तिका का मुख्य अध्याय है।सद्साहित्य पठन, नियमित अध्ययन, चिन्तन-मनन आदि ज्ञान प्राप्ति का सुगम साधन है। जीवन-निर्माण संबंधी सद्साहित्य का अध्ययन और चिन्तन-मनन करने से आदि चारित्रिक उन्नयन होता है। वह आज तक जितने भी ज्ञानी हुए हैं उन्होंने सतत स्वाध्याय की महत्ता पहचानी हैं। स्वाध्याय से न केवल अधिकाधिक ज्ञानार्जन की वृत्ति पुष्ट होती है बल्कि हमारे चिन्तन में सद्गुणों की वृद्धि होती है। ज्ञान के साथ मन में उल्लास भर जाता है। वह दृढ़ आत्मविश्वास होता है। स्वाध्याय को परम तप भी कहा गया है क्योंकि यह मोक्ष-मार्ग पर जाने के लिए प्रवर्त्त करता है। ज्ञान को अतिरिक्त चक्षु की उपाधि दी गई है, अज्ञान को तो मनुष्य का शत्रु माना जाता है, जिसके कारण ही तो मनुष्य जघन्य कर्म करने से भी नहीं हिचकिचाता है। ज्ञान मनुष्यता का गौरव,मानवता की सौरभ है। संतों के उपदेश से एक कसाईं ने पाप को समझकर आजीवन हिंसा का त्याग किया। अतः सामने वाले को समझाने की भी कला हों कि बात सामने वाले के गलें उतर जाए।

> प्रदीप छाजेड़

# शिक्षा में एक नये युग एवं शैक्षिक क्रांति की आहट






"तेरापंथ धर्मसंघ की शिक्षा-दृष्टि सदैव व्यापक, मानवीय और दूरदर्शी रही है। इस परंपरा में शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं माना गया, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास का आधार समझा गया है।

आज पूरी दुनिया शिक्षा के एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां ज्ञान का विस्तार तो अभूतपूर्व हुआ है, लेकिन जीवन मूल्यों का क्षरण भी उतनी ही तेजी से दिखाई देता है। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न बनाया है, लेकिन मानसिक तनाव, हिंसा, प्रतिस्पर्धा, नैतिक संकट और मानवीय संवेदनाओं के क्षय जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रश्न लगातार गूंज रहा है कि क्या वर्तमान शिक्षा व्यवस्था वास्तव में मनुष्य का निर्माण कर रही है या केवल पेशेवर और उपभोक्तावादी समाज का निर्माण कर रही है? ऐसे समय में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा प्रारंभ की गई आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल की योजना एक नई आशा, नई दृष्टि और नए शैक्षणिक दर्शन के रूप में सामने आई है। यह केवल विद्यालयों की स्थापना की योजना नहीं है, बल्कि शिक्षा को उसके मूल उद्देश्य से जोड़ने का एक महाअभियान है। महासभा ने देशभर में लगभग सौ विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़, गंगाशहर और नोखा तथा गुजरात के भुज में विद्यालयों का निर्माण और शैक्षणिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित हैं। इन विद्यालयों की स्थापना के पीछे केवल आधुनिक शिक्षण संस्थान खड़े करने की भावना नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षा संस्कृति विकसित करने का संकल्प है जो ज्ञान के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ विवेक और सफलता के साथ संवेदनशीलता का समन्वय स्थापित कर सके।

तेरापंथ के आचार्यों ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाना है। यदि शिक्षा केवल बुद्धि को विकसित करे और हृदय को उपेक्षित छोड़ दे, तो वह अधूरी शिक्षा है। यदि वह ज्ञान तो दे लेकिन चरित्र न बनाए, तो वह समाज के लिए संकट भी उत्पन्न कर सकती है। आचार्य श्री तुलसी ने इस आवश्यकता को बहुत पहले पहचान लिया था। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नैतिकता को सामाजिक जीवन के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास किया। उनका मानना था कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का वास्तविक विकास नैतिक आधार पर ही संभव है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए नैतिक पाठमाला और नैतिक शिक्षा परीक्षाओं का अभिनव प्रयोग प्रारंभ किया। उस समय यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का अभियान था। लाखों विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, अनुशासन, संयम, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

आचार्य महाप्रज्ञ ने इस विचारधारा को और अधिक वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप प्रदान किया। उन्होंने जीवन विज्ञान के रूप में एक ऐसा शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा को शरीर, मन, भावना और चेतना के विकास से जोड़ा गया। जीवन विज्ञान ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल होने की तैयारी नहीं दी, बल्कि तनावमुक्त जीवन, भावनात्मक संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा भी प्रदान की। आज जब दुनिया मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक शिक्षा पर गंभीरता से विचार कर रही है, तब यह अनुभव होता है कि जीवन विज्ञान जैसी अवधारणाएं अपने समय से बहुत आगे की सोच थीं। आचार्य महाश्रमण ने इस समूची परंपरा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। उनका व्यक्तित्व ज्ञान, साधना, अनुशासन, अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय है। उनकी दृष्टि में शिक्षा केवल मस्तिष्क के विकास तक सीमित नहीं रह सकती। उसे मनुष्य के भीतर छिपी नैतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संभावनाओं को भी जागृत करना होगा। इसी कारण उनके नाम पर स्थापित आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि देने वाले केंद्र बनने की क्षमता रखते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल का मूल मंत्र-"ज्ञान, मूल्य और चरित्र" है जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता को अभिव्यक्त करता है। आज अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में ज्ञान और कौशल पर तो पर्याप्त ध्यान दिया जाता है, लेकिन मूल्य और चरित्र का पक्ष अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई देता है। परिणामस्वरूप समाज में बौद्धिक प्रगति तो होती है, परंतु नैतिक और मानवीय संकट भी बढ़ते जाते हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस असंतुलन को दूर करने का एक सार्थक एवं प्रभावी प्रयास साबित होगा। यहां शिक्षा का लक्ष्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान को विवेक में और विवेक को चरित्र में रूपांतरित करना है। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 भी इसी प्रकार की समग्र शिक्षा की आवश्यकता पर बल देती है। नई शिक्षा नीति में बहुआयामी विकास, जीवन कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और समग्र व्यक्तित्व निर्माण को विशेष महत्व दिया गया है। किंतु किसी भी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे व्यवहार में उतारने वाले संस्थान कितने सक्षम हैं। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति के जीवंत और प्रभावी मॉडल बन सकते हैं। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी के साथ-साथ नैतिकता, आत्मानुशासन, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना को भी समान महत्व दिया जाता है।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष और प्रख्यात उद्योगपति महेंद्र नाहटा के अनुसार इस परियोजना को महासभा की प्रमुख शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया है। इन स्कूलों के उद्देश्य एवं उनकी दूरदृष्टि इस योजना को सामान्य विद्यालय परियोजना से कहीं अधिक व्यापक बनाती है।

ललित गर्ग

## पाकिस्तान पर भी...

कमलेश पांडेय

# अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौते मसौदे के वैश्विक मायने



अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे (Framework Agreement) को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। आइए इसके वैश्विक मायने को क्रमशः समझते हैं:-पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहतः होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और LNG व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई।

दूसरा, पश्चिम एशिया में घटेगा युद्ध का खतराः यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी। तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रणः ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा।

चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असरः पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा।

पांचवां, भारत के लिए क्या मायने?: भारत के लिए यह समझौता कई कारणों से सकारात्मक हो सकता हैः- एक,तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैंः चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं।

# गौ संरक्षण केंद्र से ग्रामीण स्वावलम्बन की ओर बढ़ता आगरा का गांव खेड़ा राठौर

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में कृषि और पशुपालन हमेशा से आर्थिक एवं सामाजिक जीवन की धुरी रहे हैं। बदलते समय के साथ निराश्रित और बेसहारा गोवंश की समस्या एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी थी जिसका सीधा असर किसानों की फसलों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था। इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा लागू किया गया निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यक्रम एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम साबित हुआ है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जनपदों में सुनियोजित तरीके से गौवंश आश्रय स्थलों का निर्माण और संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की कुशल देखरेख और स्थानीय जनभागीदारी के समन्वय से इन केंद्रों को न केवल पशुओं के ठहरने का स्थान बल्कि ग्रामीण विकास और पारिस्थितिक संतुलन का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाया जा रहा है।

इसी दूरदर्शी सोच का एक जीवंत उदाहरण आगरा जनपद के बाह तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेड़ा राठौर में देखने को मिलता है। यहाँ स्थापित वृहद गौ संरक्षण केंद्र ने पशुधन प्रबंधन और उनके कल्याण के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्थापित इस केंद्र ने अपनी निर्धारित परिचालन सीमाओं से आगे बढ़कर काम किया है और आज यह बेसहारा, बीमार और कमजोर गोवंश के लिए एक अत्यंत सुरक्षित और समृद्ध आश्रय स्थल का रूप ले चुका है।

इस गौ संरक्षण केंद्र की सफलता का मुख्य आधार इसका मजबूत बुनियादी ढांचा और वैज्ञानिक प्रबंधन है। सामान्यतः ऐसे केंद्रों में क्षमता से अधिक पशु होने पर अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है लेकिन यहाँ की कहानी बिल्कुल अलग है। आधिकारिक तौर पर चार सौ पशुओं की क्षमता वाले इस आश्रय स्थल में वर्तमान में चार सौ से अधिक पशु बेहद सुरक्षित परिस्थितियों में रह रहे हैं। जिला प्रशासन ने यहाँ देखभाल की गुणवत्ता से समझौता किए बिना संसाधनों का ऐसा कुशल आवंटन किया है कि हर पशु को उचित पोषण और चिकित्सा सहायता मिल रही है। यह प्रबंधन व्यवस्था जनपद के अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मार्गदर्शिका बन रही है।

बुनियादी ढांचे की बात करें तो इस केंद्र का निर्माण लगभग एक एकड़ की विस्तृत भूमि पर किया गया है। इसकी बनावट में वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उत्तर-दक्षिण दिशा में संरेखित करते हुए यहाँ एक विशाल भूसा गोदाम बनाया गया है जिसकी क्षमता चार सौ कुंतल है। उत्तर-दक्षिण दिशा के चयन के पीछे मुख्य उद्देश्य हवा की आवाजाही को बेहतर बनाए रखना और नमी को नियंत्रित करना है जिससे चारे की गुणवत्ता लंबे समय तक सुरक्षित बनी रहती है और उसमें फंगस या सड़न की समस्या नहीं होती। इसके साथ ही पशुओं को सुगमता से चारा खिलाने के लिए आधुनिक चरहियों का निर्माण किया गया है। केंद्र परिसर में चौबीस घंटे निगरानी के लिए केयरटेकर कक्ष और प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन हेतु एक समर्पित कार्यालय भी स्थापित किया गया है।


इस केंद्र का स्थान चयन बहुत सावधानी से किया गया है। यह मुख्य गाँव की घनी आबादी से लगभग सौ मीटर की सुरक्षित दूरी पर स्थित है जिससे गाँव में किसी भी प्रकार की गंदगी या संक्रमण का खतरा नहीं रहता। साथ ही मुख्य मार्ग से एक पक्की सड़क द्वारा जुड़े होने के कारण यहाँ चारे की आपूर्ति, चिकित्सकीय वाहनों के आवागमन और प्रशासनिक निरीक्षण के लिए पहुँचना बेहद आसान है। इस केंद्र की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक रेतीली जमीन और उन्नत जल निकासी प्रणाली है।

## जरा हटके

## समाज कल्याण ...

आशिया खातून, सूचना अधिकारी

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों ने रचा इतिहास



प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, आवश्यकता होती है तो केवल सही अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की। उत्तर प्रदेश सरकार की इसी सोच को साकार कर रहे हैं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित इन आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेईई मेंस, जेईई एडवांस्ड और बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया है कि यदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

प्रदेश में इस वर्ष सर्वोदय विद्यालयों के 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जबकि छात्रा प्रीति ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई कर विद्यालयों की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा को सामाजिक और आर्थिक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम बनाया है। इसी दृष्टिकोण के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल औपचारिक शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करना भी है, जिनके पास संसाधनों की कमी के कारण बड़े अवसरों तक पहुंच नहीं बन पाती। आज ये विद्यालय हजारों विद्यार्थियों के लिए उम्मीद का केंद्र बन चुके हैं। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन, पुस्तकें, वर्दी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। मिर्जापुर के मड़िहान स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय को विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विकसित किया गया है। डॉ. अरुण कुमार तिवारी, ट्रस्टी एक्स नवोदयन फाउंडेशन तथा टाटा एआईजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के सीएसआर सहयोग से यहां जेईई और नीट की निःशुल्क तैयारी के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को वही सुविधाएं उपलब्ध कराना है जो सामान्यतः बड़े शहरों के महंगे कोचिंग संस्थानों में मिलती हैं। विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट, आधुनिक अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी वातावरण ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इसका परिणाम इस वर्ष सामने आया, जब यहां से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की। इस वर्ष सर्वोदय विद्यालयों के कुल 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विभाग और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मिर्जापुर के मड़िहान स्थित सर्वोदय विद्यालय की छात्राएं दामिनी पटेल, अंवाला वर्मा, सृष्टि, शिवानी और रागनी ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल की। इन छात्राओं ने यह साबित किया है कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। इन्हीं छात्राओं में शामिल प्रीति ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए जेईई एडवांस्ड के लिए भी क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है क्योंकि जेईई एडवांस्ड को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में गिना जाता है और इसके माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश मिलता है। इसके अलावा देवरिया के मेहरौना सर्वोदय विद्यालय के विकास यादव और अंकित सिंह, बाराबंकी के तीरगांव सर्वोदय विद्यालय के अभिषेक मिश्रा, बस्ती के जोगियाटप्पा भानपुर सर्वोदय विद्यालय के अमित कुमार तथा मिर्जापुर के परसिया सर्वोदय विद्यालय के ऋषिकेश भारती ने भी जेईई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सफलता की इस कहानी में प्रीति और दामिनी पटेल का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। दोनों छात्राओं को आईआईटी मंडी के प्रतिष्ठित बीबीए और एमबीए कार्यक्रमों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि सर्वोदय विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण का प्रमाण भी है। सीमित संसाधनों वाले परिवारों से आने वाली इन छात्राओं ने अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर मिलने पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। आज उनकी सफलता प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 103 आवासीय जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं रखा जाता, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यक्तित्व विकास, खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास का अवसर दिया जाता है।

# 225 करोड़ की ठगी करने वाले 6 आरोपी अरेस्ट

## 3 गांवों में 450 म्यूल खाते खुलवाएं, फ्राड की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में कराते थे निवेश

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



घटना का खुलासा करते डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी

कानपुर। शिवराजपुर पुलिस और साइबर क्राइम सेल ने ठगी का नेटवर्क चला रहे 6 ठगो को अरेस्ट किया है। आरोपी देश के विभिन्न राज्यों में बैठे ठगों को म्यूल अकाउंट मुहैया कराते थे। ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करा कर आयी रकम को पर्सन टू पर्सन ट्रेडिंग के जरिए भारतीय मुद्रा में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी, जिससे मनीट्रेल टूट सके। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 450 म्यूल अकाउंट मिले है, जिनमें करीब 225 करोड़ की रकम आई थी। आरोपियों ने लगभग 2500 लोगों को अब तक अपना शिकार बना चुके हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के पास से मिले 25 खातों में NCRB पोर्टल में 27 शिकायतें मिली हैं। इनमें से एक श्रीराम जनसेवा केंद्र के नाम के खाते में 10 करोड़ का ट्रांजेक्शन मिला है। यह खाता शुभांशी नाम की महिला का था। पुलिस को इस खाते में 15 शिकायतें मिली है। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि आरोपी आसपास के गांव कुकरी, भैसऊ व कस्बा शिवराजपुर के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर खाते ,लवाते थे, इसके बाद उनके बैंक दस्तावेज लेकर 5 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह ग्रामीणों को दिए जाते थे। इसके बाद ठग सीबीआई या पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर ठगी करते थे।

### पर्सन टू पर्सन ट्रेडिंग से करेंसी बदलकर खातों मे भेजते थे रकम

ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर टेलीग्राम ग्रुप के जरिए से पर्सन टू पर्सन ट्रेडिंग के जरिए भारतीय मुद्रा में बदलकर विभिन्न खातों में भेजते थे, जिससे मनीट्रेल टूट जाती थी। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि NCRB पोर्टल पर शिवराजपुर थानाक्षेत्र में संदिग्ध खातों की जानकारी मिल रही थी। जिसके बाद साइबर क्राइम और शिवराजपुर पुलिस खुलासे के लिए लगाया गया था।

### इन राज्यों से खातों में मिली थी शिकायतें

डीसीपी वेस्ट ने बताया कि आरोपियों के पास से मिले खातों में तेलगांना, बैंगलौर, ईस्ट दिल्ली, नवी मुंबई, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना मल्काजगिरी, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आउटर डिस्ट्रिक्ट, गोंडा, बिहार समस्तीपुर, तमिलनाडु, गुजरात, नासिक, नासिक रुरल, भोपाल समेत अन्य राज्यों से शिकायतें आई हैं।

### इन बैंकों में खुलवाया था अकाउंट

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र
- पंजाब नेशनल बैंक
- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
- बैंक ऑफ बड़ौदा

पुलिस को आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन, 1 टैबलेट, 10 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 12 डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं। राजदीप, भीमरतन व कमल ग्रेजुएट पास हैं।



आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल व दस्तावेज

### हाईस्कूल पास निकला गिरोह का मास्टमाइंड

ध्ःमजिसके बाद शिवराजपुर, दरिया–निवाद निवासी अशरफ खान, अरौल के सेंधना निवासी सूरज कुमार कन्नौज के ठठिया, बेहटा निवासी राजन कटियार, शिवराजपुर, कुकरी निवासी राजदीप, कुकरी निवासी भीमरतन, दरियानिवादा निवासी कमल को अरेस्ट किया गया है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि गिरोह का मास्टर अशरफ हाईस्कूल पास है। जबकि सूरज इंटर, राजन, राजदीप, भीमरतन व कमल ग्रेजुएट पास हैं। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक राजन और सूरज बकायदा ठगी की ट्रेनिंग देता था।

# 1.12 लाख बिजली बिल जमा नहीं कर पाया तो दे दी जान

## गाजीपुर में पान की गुमटी चलाता था, लिखा- बिजली विभाग से परेशान हूं

तमसा संकेत, एजेंसी



सुरेंद्र कश्यप मृतक दुकानदार

गाजीपुर। यूपी के गाजीपुर में बिजली विभाग से परेशान होकर पान की गुमटी चलाने वाले ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें लिखा है- मैं बिजली विभाग से परेशान होकर यह कदम उठा रहा हूं। घरवालों ने बताया- 9 महीने पहले बिजली विभाग ने 1 लाख 12 हजार रुपए का बिल भेज दिया था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने से हम लोग बिल नहीं भर सके। उधार लेकर छोटी-छोटी किश्तें देते रहे। इस पर विभाग से नोटिस भेज दिया। इसी से परेशान होकर दुकानदार ने सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना जिला मुख्यालय से 36 किलोमीटर दूर सैदपुर थाना क्षेत्र की है। नगर क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र कश्यप (55) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के सामने एक छोटी-सी पान की गुमटी चलाते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते दोनों बेटे दूसरे शहर में काम करते हैं। दोनों बेटियों की शादी होना बाकी है। पत्नी ज्ञानती देवी ने बताया- सितंबर, 2025 में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने उनके घर पर छापेमारी की थी। इसके बाद विभाग की ओर से 1 लाख 12 हजार रुपए का बकाया बिजली बिल जमा करने का नोटिस जारी किया गया था। हम लोगों के लिए इतनी बड़ी रकम जमा करना आसान नहीं था। इसके बावजूद पति सुरेंद्र लगातार विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे और बिल में राहत देने या समाधान करने की गुहार लगाते रहे।

**फास्ट न्यूज**

### सोमवती अमावस्या पर विशाल भंडारा

हरदोई। हरदोई में ज्येष्ठ माह की सोमवती अमावस्या के अवसर पर सोमवार को समाजसेवी एवं व्यापारी सुरेन्द्र गुप्ता 'कल्लू' द्वारा एक विशाल पूड़ी–सब्जी भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा बेनीगंज–संडीला मार्ग पर आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र सहित दूर–दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। दिनभर भंडारे में लोगों की लंबी कतारें देखी गईं।

### अस्तित्व फाउंडेशन कौशल विकास कार्यक्रम का समापन

हरदोई। हरदोई में महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का समापन सोमवार, 15 जून को हुआ। इस अवसर पर प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों, अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती राज अग्रवाल, डॉ. खुशी अग्रवाल, श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के जिला महासचिव गौरव अग्रवाल और राष्ट्रीय खेल चैंपियन विवेक त्रिवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. प्रिया गुप्ता ने प्रस्तुत किया।

### मुस्लिम युवक ने सोशल मीडिया पर बदली पहचान

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर पहचान बदलकर एक महिला से दोस्ती करने और उसे धोखे में रखने का मामला सामने आया है। मेरठ निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद को शेखर बताकर ग्रेटर नोएडा की एक महिला से नजदीकियां बढ़ाईं। बाद में युवक की असली पहचान अदनान के रूप में सामने आने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# जालौन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह शुरू

## जिला पंचायत अध्यक्ष और डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया उद्घाटन

तमसा संकेत, एजेंसी



जालौन। जालौन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का सोमवार को जनपद जालौन में भव्य शुभारंभ हुआ। राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज विश्वभर में सम्मान और स्वीकार्यता प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और बढ़ते तनाव के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में योग एक प्रभावी माध्यम है।

# 20 लाख की हेरोइन जब्त

मिर्जापुर। मिर्जापुर में कोतवाली कटरा पुलिस ने 20 लाख रुपये की हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 110.08 ग्राम अवैध हेरोइन, बिक्री की नकदी, तीन मोबाइल फोन और पैकिंग में प्रयुक्त प्लास्टिक की पन्नी बरामद हुई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली कटरा पुलिस टीम को यह सफलता मिली। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हेरोइन लेकर क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के लोहदी रोड स्थित चोरवाबारी के पास घेराबंदी की। वहां मोटरसा-इकिल सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई।

# गेट खोलो, मुझे पैनिक अटैक पड़ता है : पल्लवी

## काशी में पुलिस से नोकझोंक, पेपर लीक के विरोध में 100 समर्थकों के साथ गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी





वाराणसी। अपना दल (कमेरा-वादी) की अध्यक्ष पल्लवी पटेल और उनके करीब 100 समर्थकों को वाराणसी में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पल्लवी पटेल सोमवार को नीट पेपर लीक समेत अन्य मुद्दों को लेकर बीएचयू गेट पर प्रदर्शन कर रही थीं। इसके बाद पीएम मोदी के संसदीय कार्यालय तक मार्च करने वाली थीं। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति न लेने का हवाला देते हुए सभी को वैन में भर दिया। इस दौरान पल्लवी पटेल की सांस फूलने लगी। तब चीखते हुए उन्होंने कहा, 'वैन का गेट खोलो, मुझे पैनिक अटैक पड़ता है।' इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई।

पल्लवी पटेल ने नीट पेपर लीक की जांच न्यायिक अधिकारियों की देखरेख में सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा, पेपर लीक व धांधली में लिप्त लोगों का नाम सार्वजनिक करना चाहिए। NTA और अन्य परीक्षा नियंत्रक अधिकारियों पर रासुका की कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए। पल्लवी पटेल ने उत्तर प्रदेश लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपों के मद्देनजर फिर से परीक्षा कराने, यूपीएस-आई पारदर्शी परीक्षा की गारंटी के लिए स्कोरकार्ड तत्काल जारी करने की मांग की। हिरासत में लिए जाने से पहले पल्लवी पटेल ने कहा- मोदी, योगी की डबल इंजन की सरकार पाकिस्तान, कब्रिस्तान और मुसलमान की राजनीति से बाहर निकले। शिक्षा, रोजगार व लोकतंत्र को मजबूत करने वाली राजनीति की ओर बढ़े। युवाओं की बेरोजगारी, रोजगार के नाम पर अवसरों की लूट और शिक्षा व परीक्षा की धांधली अब उन्हें क्रांति की ओर उद्वेलित कर रही है। युवा वर्ग इस सरकार से नाराज है। प्रदर्शनकारियों ने बीएचयू के लंका गेट से 2 किलोमीटर दूर प्रधानमंत्री जनसंपर्क कार्यालय तक मार्च निकालने की तैयारी की थी। प्रशासन ने प्रस्तावित मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया। प्रदर्शन से पहले कई संगठनों के पदाधिकारियों को नजरबंद कर दिया गया था। प्रदर्शन में पल्लवी पटेल के वाराणसी आने की सूचना पर जिले के बॉर्डर और टोल प्लाजा पर संबंधित जिलों की पुलिस तैनात रही।

**प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कहा, प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी।**

- पल्लवी पटेल और उनके समर्थकों ने बीएचयू के मेन गेट के बाहर इकट्ठा होकर नारेबाजी की।
- डॉ. पल्लवी पटेल ने 'नीट पेपर लीक क्यों हुआ जवाब दो' नारा लगाया।
- पुलिस ने पल्लवी पटेल और उनके समर्थकों को हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठाया।
- प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने सड़क पर गश्त किया, तलाशी ली।

# अखिलेश यादव पाकिस्तान भाषा बोल रहे : तरुण चुघ

## इनके गठबंधन का काम- सनातन को गाली देना, राम मंदिर के चारों को बक्शा नहीं जाएगा

तमसा संकेत, एजेंसी



झांसी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुघ सोमवार को झांसी पहुंचे। उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली के बयान पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। कहा- राहुल गांधी और अखिलेश यादव के इंडी गठबंधन का एक ही काम है कि सनातन को गाली दो और हिन्दुत्व को अपमानित करो। भारत के इंस्टिट्यूशन को अपमानित करो। देश के लोकतंत्र को बदनाम करो। भारत की छवि विदेशों में जाकर बदनाम करें। मैं कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी का विरोध हो सकता है। लेकिन इतना मन में विश भरा है। जो पाकिस्तान की भाषा है, वो अखिलेश यादव बोल रहे हैं। तरुण चुघ केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर सर्कि हाउस में प्रेसवार्ता करके सरकार की उपलब्धी गिना रहे थे। राम मंदिर में चोरी के मामले में कहा- जो भी दोषी, अपराधी होगा, उसको बक्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन संदूर के समय राहुल गांधी पाकिस्तान की ट्यून पर नागिन डांस कर रहे हैं। पाकिस्तान गाना गा रहा है और राहुल गांधी नागिन डांस कर रहा है। जो पाकिस्तान की भाषा है, वो अखिलेश यादव बोल रहे हैं। दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान कहता है कि आदमपुर उड़ चुका है। हमारे नेता उसी के पीछे राग गाते हैं।

## गुजैनी में सुसाइड से पहले लगाया स्टेटस- इन्जॉय योर लाइफ, 10 दिनों से परेशान था

# गर्लफ्रेंड से झगड़े के बाद ट्रेन के आगे कूदा किशोर

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां प्रेम संबंधों में आई दरार से परेशान एक 17 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना गुजैनी थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान मेहरबान सिंह का पुरवा निवासी सौरभ गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई दिनों से अपनी प्रेमिका के साथ हुए विवाद के कारण मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार रविवार शाम करीब छह बजे सौरभ घर से किराने का सामान लेने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में गुजैनी क्षेत्र से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिलने की सूचना मिली। सौरभ की बहन रूबी ने बताया कि घटना से पहले उसने अपने मोबाइल पर कई भावुक स्टेट्स लगाए थे। एक स्टेट्स में उसने लिखा था— किसी को प्यार करो तो ऐसे करो कि आपको मिले या न मिले, लेकिन उसको आपकी मोहब्बत हमेशा याद रहे। इसके बाद रात 10 बजकर 25 मिनट पर उसने एक और स्टेट्स लगाया।

### प्रेमिका से विवाद के बाद दस दिनों से था परेशान

मृतक के पिता मुन्ना गुप्ता ने बताया कि परिवार में पत्नी सुनीता, दो बेटे रवि और सौरभ तथा एक बेटी रूबी हैं। सौरभ दादा नगर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। उसका क्षेत्र की ही एक युवती से प्रेम संबंध था। परिवार का कहना है कि दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से लगातार विवाद चल रहा था, जिसके कारण सौरभ काफी तनाव में रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक प्रेमिका से अनबन के चलते वह पिछले करीब दस दिनों से उदास और परेशान दिखाई दे रहा था। हालांकि परिवार ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने मन की बात खुलकर किसी से साझा नहीं कर रहा था।

### पुलिस ने शुरू की जांच, तहरीर का इंतजार

गुजैनी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत या तहरीर नहीं दी गई है।

## जानकारी : 40 डिग्री तक पहुंचा तापमान, अगले 1 सप्ताह तक और बढ़ेगा

# 25 जून तक काशी पहुंचेगा मानसून

तमसा संकेत, एजेंसी







वाराणसी। मानसून के काशी पहुंचने से पहले मौसम का मिजाज एक बार फिर गर्म हो गया है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं हवा की रफ्तार करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। वातावरण में नमी का स्तर 34 प्रतिशत तक पहुंच गया। बढ़ती गर्मी और उमस के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने सोमवार को थंडरस्टॉर्म (गरज-चमक) के प्रभाव से आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, मौसम विशेषज्ञ प्रो. मनोज श्रीवास्तव ने तत्काल आंधी-पानी की संभावना से इनकार करते हुए कहा है कि फिलहाल मौसम की स्थितियां इसके अनुकूल नहीं दिख रही हैं। वहीं 25 जून तक मानसून काशी पहुंचेगा।

### 25 जून तक काशी पहुंच सकता है मानसून

केरल में मानसून के प्रवेश के बाद अब पूर्वांचल के मौसम में भी धीरे-धीरे बदलाव दिखाई देने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 25 जून तक मानसून वाराणसी जिले में दस्तक दे सकता है। हालांकि आईएमडी ने अभी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की कोई आधिकारिक तिथि घोषित नहीं की है।

> विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में हवा की दिशा और वातावरण में बढ़ती नमी मानसून के अनुकूल संकेत दे रही है। इसी आधार पर अगले तीन से चार दिनों के भीतर मानसून के उत्तर प्रदेश में प्रवेश की संभावित तिथि जारी किए जाने की उम्मीद है। फिलहाल काशीवासियों को अगले कुछ दिनों तक गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है।

# दुकान मालिक टॉयलेट गया, महिला ने चुराया मोबाइल

## सरसौल बाजार में दिनदहाड़े चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी



नरवल। कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरसौल बाजार में दिनदहाड़े एक मोबाइल दुकान से चोरी की वारदात सामने आई है। दुकान मालिक के कुछ मिनट के लिए बाहर जाते ही एक नकाबपोश महिला ने मौका पाकर दुकान में रखा कीमती एंड्रॉयड मोबाइल पार कर दिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस फुटेज के आधार पर महिला की पहचान और तलाश में जुट गई है।

सरसौल कस्बा निवासी पवन सिंह चंदेल की बाजार में मोबाइल की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह कुछ देर के लिए दुकान के बगल में बने बाथरूम गए थे। इसी दौरान एक नकाबपोश महिला दुकान के बाहर पहुंची और आसपास का जायजा लेने लगी। महिला ने पहले यह सुनिश्चित किया कि दुकान पर कोई मौजूद नहीं है, इसके बाद वह अंदर दाखिल हो गई। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार महिला सीधे दुकान में रखी अलमारी की रैक के पास पहुंची और वहां रखा एक कीमती एंड्रॉयड मोबाइल उठा लिया। पूरी वारदात महज कुछ सेकंड में अंजाम दी गई। मोबाइल लेकर महिला तेजी से मौके से फरार हो गई। दुकान मालिक जब वापस लौटे तो उन्हें मोबाइल गायब मिला। काफी तलाश के बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी। फुटेज में नकाबपोश महिला की पूरी करतूत कैद मिली, जिसके बाद चोरी की पुष्टि हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी महिला की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

दिनदहाड़े बाजार में हुई इस चोरी की घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# चाइनीज मांझे से मंत्री के भतीजे की गर्दन कटी

## बरेली में हालत नाजुक देख मंत्री भड़के, बोले- बैन के बाद कैसे बिक रहा

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में चाइनीज मांझे से यूपी के राज्यमंत्री संजय गंगवार के 15 साल के भतीजे की गर्दन कट गई। सोमवार सुबह करीब 6 बजे आदित्यवीर सिंह गंगवार स्कूटी से स्टेडियम जा रहा था। फ्लाईओवर पर अचानक चाइनीज मांझा उसकी गर्दन से लिपट गया। जब तक वह कुछ समझ पाता, गर्दन का काफी हिस्सा कट चुका था। आदित्य स्कूटी के साथ सड़क पर गिर गया। पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोग उसे तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल ले गए और परिवार को सूचना दी। सूचना मिलते ही मंत्री अस्पताल पहुंचे और भतीजे की हालत देखकर भड़क गए। कहा- प्रतिबंध के बावजूद



मांझा कैसे बिक रहा है? डीएम-एसएसपी दोनों को बुलाकर बात करूंगा। आदित्य के पिता अजय सिंह गंगवार पीलीभीत के ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख हैं। मां सीमा गंगवार बरेली में रेलवे में चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर हैं। आदित्य परिवार का इकलौता बेटा है। उसकी एक छोटी बहन है। हादसा बरेली शहर में बीचोबीच श्यामगंज फ्लाईओवर पर हुआ। मुझे इस बात की चिंता है कि कई लोगों की इस तरह की घटनाओं में जान भी चली गई होगी। लेकिन, किसी को इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। सिर्फ इतनी ही कार्रवाई काफी नहीं है। अगर पुल बनाया गया है और वहां लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

**आदित्यवीर की मां सीमा गंगवार ने कहा- मेरे बच्चे के साथ हुआ यह हादसा क्या पहला मामला है? क्या इससे पहले की घटनाओं की जानकारी शासन तक नहीं पहुंचाई गई? प्रशासन ने पुराने मामलों में क्या कार्रवाई की? अगर पहले ही उचित कदम उठाए गए होते, तो शायद यह घटना नहीं होती। मेरी प्रशासन से अपील की है कि वे अब भी जाग जाएं, क्योंकि यह घटना बहुत बड़ी है। मैं तो माइक पर अपनी बात रख पा रही हूं और लोगों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त कर रही हूं। लेकिन बहुत से लोग ऐसे होंगे, जो इलाज का खर्च भी नहीं उठा पाए होंगे।**



आदित्यवीर सिंह, अपनी मां सीमा और पिता अजय गंगवार के साथ। (फाइल फोटो)

### मंत्री बोले- प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बिकना गंभीर

मंत्री ने कहा- चाइनीज मांझे पर सरकार प्रतिबंध लगा चुकी है। इसके बावजूद बाजार में मांझा बिकना गंभीर है। डीएम-एसएसपी दोनों को बुलाकर बात करूंगा। चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। यह भी पता लगाया जाए कि बाजार में इसकी आपूर्ति कैसे हो रही है?



### स्टेडियम जाते वक्त हुआ हादसा

आदित्यवीर का परिवार मूलरूप से पीलीभीत का रहने वाला है। बरेली के प्रेमनगर में भी उनका घर है। आदित्यवीर जीआरएम स्कूल में 8वीं में पढ़ता है। अस्पताल पहुंचे मंत्री संजय गंगवार ने कहा- मेरा भतीजा आदित्यवीर सुबह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से रनिंग के लिए घर से स्टेडियम के लिए जा रहा था। श्यामगंज पुल से गुजरते समय वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। रास्ते में चाइनीज मांझे से उसका गला आगे से पीछे तक कट गया। उसकी एक उंगली भी पूरी तरह कट गई है। आदित्य का ईशान अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभी वह ओटी में था। मैं देखकर आया हूं, उसकी हालत अभी नाजुक है।

# भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का प्रदर्शन

## किसानों की समस्याओं उठाई, समाधान को लेकर मुख्यमंत्री के ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

सोनभद्र। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों की लंबित समस्याओं और विभिन्न जनपदों में चल रहे किसान आंदोलनों के समर्थन में प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष बिरजू कुशवाहा के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान, भाकियू कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन का ध्यान उन किसानों की ओर खींचा जो महीनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन-रत हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी जारी रही, तो संगठन एक व्यापक आंदोलन शुरू करने पर मजबूर होगा। जिलाध्यक्ष बिरजू




कुशवाहा ने बताया कि जनपद के भैसवार गांव में चकबंदी में कथित अनियमितताओं के विरोध में किसान पिछले 13 माह से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। कुशवाहा ने यह भी बताया कि गौतमबुद्ध नगर के रौनीजा गांव में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेस-वे से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसान पिछले 12 माह से आंदोलन कर रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने की नोटों की बारिश

मेरठ। मेरठ में भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने नोटों की बारिश कर दी। महिलाएं घरों की छतों पर गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां और नोट लेकर खड़ी हो गईं। जैसे ही वहां से संगीत सोम का काफिला गुजरा तो महिलाओं ने संगीत सोम के ऊपर फूल और नोट बरसा दिए। संगीत सोम सरधना सीट से भाजपा से पूर्व विधायक रहे हैं।

### एसपी प्राची सिंह ने उपनिरीक्षक भर्ती का निरीक्षण किया

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकर-नगर में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक भर्ती-2025 की प्रक्रिया का सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने दस्तावेज सत्यापन (डीवी) और शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया।

### बागापार को नगर पंचायत बनाने की मांग

महराजगंज। महाराजगंज की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बागापार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने और क्षेत्र की गंभीर विद्युत समस्या के समाधान हेतु बागापार में विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की मांग को लेकर सोमवार को जनहित संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी गौरव सोगरवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## मेरठ में लड़की की हत्या के बाद आर्थिक मदद देने जा रहे थे

# सपा प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार से मिलने से रोका

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ के रोहटा क्षेत्र में युवती हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को सोमवार को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। सपा नेताओं का आरोप है कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से आर्थिक सहायता और संवेदना संदेश लेकर परिवार से मिलने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं दी। इसको लेकर सपा नेताओं ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। रोहटा क्षेत्र के ग्राम उकसिया के जंगल में थिरोट गांव की युवती की हत्या के मामले में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए रवाना हुआ





था। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक, नदीम चौहान, गौरव चौधरी समेत कई पदाधिकारी और सिवालखास विधानसभा से टिकट की दावेदारी करने वाले नेता शामिल थे। सपा नेताओं के अनुसार, रास्ते में पुलिस ने उनके काफिले को रोक दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल और पुलिस अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन प्रशासन ने उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद सपा नेताओं ने मौके पर ही विरोध जताया और प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। पार्टी नेताओं का कहना है कि वे पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष Akhilesh Yadav की ओर से आर्थिक सहायता सौंपने और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। उनका कहना है कि दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा होना उनका लोकतांत्रिक और मानवीय दायित्व है।

### पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार तक सहायता और संवेदना पहुंचाने के प्रयासों को रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों को जनता के बीच जाने से रोकना उचित नहीं है। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में पीड़ितों के साथ खड़े होने और उनकी आवाज उठाने के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है और सपा नेताओं ने प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगा है।

# आईपीईसी में डिजाइन थिंकिंग पर एक सप्ताह का शिक्षक विकास कार्यक्रम शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) में डिजाइन थिंकिंग विषय पर एक सप्ताह के शिक्षक विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी-आईपीईसी), एआईसीटीई आइडिया लैब-आईपीईसी और आईपीईसी प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर फाउंडेशन द्वारा सेंटर फॉर कनेक्टिंग लर्निंग एंड इनोवेशन, नोएडा के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजाइन थिंकिंग, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों और आधुनिक समस्या समाधान तकनीकों से परिचित कराना है। उद्घाटन अवसर पर प्रो. (डॉ.) अमित जैन, शैक्षणिक अधिष्ठाता ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के कौशल विकास के



साथ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. (डॉ.) सुनीता यादव, अधिष्ठाता, कंप्यूटर विज्ञान एवं संबद्ध शाखाएं ने कहा कि डिजाइन थिंकिंग नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) नीलम सक्सेना एवं प्रो. (डॉ.) अरविंद देशमुख उपस्थित रहे। इस शिक्षक विकास कार्यक्रम में 20 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. (डॉ.) अंजनी कुमार सिंह एवं सह-समन्वयक डॉ. अरविंद तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को डिजाइन थिंकिंग विषय को प्रभावी एवं व्यावहारिक तरीके से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

# सीतापुर में जर्जर सरकारी स्कूल पर चला बुलडोजर

## तीन कमरों का भवन गिराया, बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन का फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर के विकास खंड रामपुर मथुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत छत्तौनी के चिखड़ी गांव स्थित नवीन प्राथमिक विद्यालय परिसर में सोमवार दोपहर प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों पुरानी जर्जर विद्यालय भवन को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। भवन के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने और उसके गिरने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 1 बजे प्रशासनिक टीम बुलडोजर और अन्य आवश्यक संसाधनों के साथ विद्यालय परिसर पहुंची। अधिकारियों की मौजूदगी में



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। कुछ ही घंटों में भवन के जर्जर कमरों को गिराकर पूरी पुरानी संरचना को मलबे में तब्दील कर दिया गया। कार्यवाहक प्रशासक (ग्राम प्रधान) महफूज खां ने बताया कि विद्यालय की यह इमारत काफी पुरानी हो चुकी थी और जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, ऐसे में भवन की जर्जर स्थिति बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई थी। संभावित दुर्घटना को रोकने और जनहानि से बचाव के उद्देश्य से प्रशासन के निर्देश पर भवन को सुरक्षित तरीके से गिराया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर मौजूद रही। प्रशासन ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कराया और कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई। इस दौरान कार्यवाहक प्रशासक महफूज खां तथा रामनगरा विद्यालय के शिक्षक भी मौके पर उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे।

# करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत

## दर्शन करने आए पिता की आंखों के सामने गई बेटे की जान

- **हीट वेव से बचाने के लिए नगर निगम ने कूलर लगाया है। ये हवा के साथ पानी भी बाहर फेंकता है।**
- **वृंदावन का इस्कॉन मंदिर। इसी मंदिर में अनिल गुप्ता अपने बेटे अभिज्ञान के साथ दर्शन करने आए थे।**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा के वृंदावन में दर्शन करने आए 21 साल के एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर ISKCON मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर हुआ, जहां हीट वेव से राहत देने के लिए नगर निगम ने वाटर स्प्रे कूलर लगाया था। कूलर में करंट उतरने से अभिज्ञान गुप्ता उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर



अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभिज्ञान मध्य प्रदेश के छतरपुर का रहने वाला था। अस्पताल में पिता डॉक्टरों की बात मानने को तैयार नहीं था। वह कभी बेटे की छाती दबाते, तो कभी उसके चेहरे को सहलाकर कहते, ₹भैया उठ जाओ... पापा बुला रहे हैं। बेटा प्लीज उठ जाओ... मेरे लिए उठ जाओ... अस्पताल स्टाफ उन्हें समझाता रहा कि अब कुछ नहीं हो सकता, लेकिन पिता बार-बार यही कहत रहे, "होगा... होगा... मेरा बेटा अभी उठेगा।"

**बेटे को करंट लगते देख पिता अनिल उसे बचाने दौड़े। अनिल गुप्ता को भी करंट का झटका लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह पिता-पुत्र को कूलर से अलग किया और हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रमण रेती पुलिस चौकी से पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और करंट लगने से घायल हुए युवक और पिता को लेकर अस्पताल ले जाने के लिए दौड़ पड़े।**

### इस्कॉन प्रबंधन ने कहा- कूलर नगर निगम का

पिता द्वारा इस्कॉन मंदिर प्रबंधन पर लगाए गए आरोपों पर इस्कॉन मंदिर वृंदावन के प्रवक्ता रवि लोचन दास ने कहा- यह हादसा मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर नगर निगम द्वारा लगाए गए कूलर में करंट आने से हुआ है। हादसा दुखद है, लेकिन इसमें इस्कॉन वृंदावन का कोई दोष नहीं है। नगर निगम ने श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए यह कूलर लगवाया था।

### नगर निगम ने साधी चुप्पी

इस मामले को लेकर जब वृंदावन जोन के प्रभारी अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक से जानकारी करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद नगर निगम के मीडिया प्रभारी और सहायक आयुक्त राकेश त्यागी से जानकारी की तो उन्होंने कहा- मामले का पता करते हैं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### जेवर बना यूपी ...

इस दौरान डॉक्टर हेरा राशिद ने सीएम योगी से कहा- जिस भूमि पर मेरे पिता अन्न उगाते थे, आज उसी भूमि से उड़ान भरकर मैं आपसे मिलने आई हूं। एक समय ऐसा था, जब पढ़ने की सुविधा नहीं थी। जैसे-जैसे विकास हुआ, हमारे क्षेत्र में तरक्की बढ़ी और सुविधाएं आईं। मैंने बिना कोचिंग के नीट निकाला। ये सब आपकी वजह से हुआ। मैं चाहती हूं कि आप भविष्य में प्रधानमंत्री बनें। इससे पहले लखनऊ एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर से विमान से पहुंचीं किसान कमलेश ने कहा- बहुत अच्छा लग रहा है। किसान रीता ने कहा- मैंने चार बीघा जमीन दी थी। पहली बार फ्लाइट में बैठी थी। बहुत मजा आया। 7 घंटे का सफर 1 घंटे में पूरा हुआ। हम लोग राम मंदिर के दर्शन भी करेंगे। वहीं, किसान शमे मोहम्मद ने कहा- हम बड़े आनंद से आए हैं। सीएम तो पहले भी बहुत आए, लेकिन ऐसा पहली बार किसी ने किया है। किसानों को फ्लाइट से सफर किसी ने नहीं करवाया। एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम मोदी ने 28 मार्च को किया था। पहले फेज का काम पूरा हो गया। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए हैं। इस प्रोजेक्ट पर 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। एयरपोर्ट को 4 फेज में बनाया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद यह एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का छठा बड़ा एयरपोर्ट होगा। एयरपोर्ट का शिलान्यास 25 नवंबर 2021 को किया गया था। यानी 5 सालों में एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ है। यहां से हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्री सफर कर सकेंगे। आज हैदराबाद और अमृतसर के लिए भी नियमित फ्लाइट्स शुरू होंगी। इंडिगो 16 जून से नोएडा से बेंगलुरु और जम्मू के लिए नियमित फ्लाइट शुरू करेगी। अकासा एयर भी 16 जून को नोएडा से बेंगलुरु और नवी मुंबई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने वाली है। इसके अलावा बरेली, श्रीनगर, जयपुर, जोधपुर, धर्मशाला, भोपाल, चंडीगढ़, किशनगढ़ और देहरादून के लिए भी फ्लाइट शुरू होनी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है, जिससे आम लोगों का जीवन बदल रहा है। योगी सरकार ने सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सभी तक पहुंचाया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया है। सीएम योगी ने कहा- मुझे याद है कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्रस्ताव पारित किया, तो हमने अधिकारियों को समय-सीमा दी थी कि 100 दिन में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हो जाए, लेकिन यह शुरू नहीं हो पाई। मैं वहां गया तो किसानों के साथ बैठक की। करीब 100 किसानों से हमने कहा कि हमें एयरपोर्ट बनाना है, लेकिन वाकई में मुझे यही सुनने को मिला कि हम जमीन नहीं देंगे। मैंने कहा कि आपको एक घंटे का समय दे रहा हूं। यह एयरपोर्ट आपकी तस्वीर बदल देगा, क्योंकि समय सबका आता है,कुछ बन जाते हैं, कुछ बिखर जाते हैं। जो मौके को गंवा देता है, वह बिखर जाता है। आपने मुझ पर विश्वास किया। इसके बाद कार्रवाई युद्धस्तर पर आगे बढ़ी। इसका परिणाम यह है कि 13 हजार एकड़ से अधिक जमीन पर पहले फेज का काम पूरा होकर नया इतिहास रच दिया गया है। डॉक्टर हेरा राशिद ने सीएम योगी से कहा- जिस भूमि पर मेरे पिता अन्न उगाते थे, आज उसी भूमि से उड़ान भरकर मैं आपसे मिलने आई हूं। एक समय ऐसा था, जब पढ़ने की सुविधा नहीं थी। नेट नहीं था। जैसे-जैसे विकास हुआ, हमारे क्षेत्र में तरक्की बढ़ी और सुविधाएं आईं। इसके बाद मैंने बिना कोचिंग के नीट निकाला। ये सब आपकी वजह से हुआ। मैं चाहती हूं कि आप भविष्य में प्रधानमंत्री बनें। अमित कपूर ने बताया- वे नोएडा के रहने वाले हैं। हैदराबाद में काम करते हैं। आज फ्लाइट से हैदराबाद से यहां आए हैं। फ्लाइट काफी अच्छी थी। एयरपोर्ट का माहौल, टर्मिनल, स्टाफ सब बढ़िया है। यात्रा करके मजा आ गया। नोएडा निवासी होने के नाते मुझे इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने पर खुशी है। एक अन्य यात्री कीर्ति ने कहा- वे ऑफिस के काम से हैदराबाद गई थीं। वहां से फ्लाइट से आज नोएडा आई हैं। फ्लाइट का एक्सपीरियंस काफी अच्छा रहा, खासकर महिलाओं के लिए। टॉयलेट्स साफ और सेफ हैं, और सेफ्टी के लिए बसें भी लगी हैं।

### लॉन्ग रेंज लैंड ...

कम ऊंचाई पर उड़ती है और रास्ता बदल सकती है। इसके पास रडार से बचने की क्षमता होती है। साथ ही अपने टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह मिसाइल भारत की रणनीतिक मारक क्षमता को नई मजबूती देगी। परीक्षण के दौरान DRDO के सीनियर वैज्ञानिकों के साथ भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीप स्ट्राइक का मतलब है दुश्मन की सीमा के काफी अंदर मौजूद सैन्य ठिकानों जैसे एयरबेस, मिसाइल लॉन्च साइट, रडार स्टेशन, मिलिट्री हेडक्वॉर्टर, कमांड-कंट्रोल सेंटर पर दूर से सटीक हमला करने की क्षमता। मान लीजिए यदि कोई मिसाइल भारत की सीमा से लॉन्च होकर दुश्मन के इलाके में 800 किमी दूर बने एयरबेस को सटीक निशाना बनाती है, तो इसे डीप स्ट्राइक क्षमता कहा जाएगा।

### टीएमसी के 20 ...

हावड़ा में NCPI का ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। उनकी पत्नी शेउली के नाम के नीचे कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील लिखा है। चुनाव आयोग को दी गई ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 के अंत में पार्टी के पास केवल 75 रुपए नकद थे। 2022-23 में NCPI को 1.13 लाख रुपए का चंदा मिला और लगभग इतनी ही राशि खर्च हुई। इसमें त्रिपुरा विधानसभा चुनाव पर किए गए 49,400 रुपए के खर्च भी शामिल हैं। त्रिपुरा के कैलाशहर से NCPI उम्मीदवार रहे जहांगीर अली ने बताया कि 2023 चुनाव के दौरान शेउली कुंडू कोलकाता से आई थीं और उम्मीदवारों से संपर्क किया था। चुनाव खत्म होने के बाद पार्टी ने गतिविधियां बंद कर दीं और संपर्क भी टूट गया। TMC के 28 में से 20 लोकसभा सांसदों ने रविवार को त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी (NCPI) में विलय की घोषणा की। बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि TMC के दो-तिहाई लोकसभा सांसदों ने अलग गुट के रूप में मान्यता देने के लिए पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा- हम PM मोदी के नेतृत्व में NDA के साथ काम करेंगे। बिरला से TMC के बागी सांसदों की मुलाकात की जो फोटो सामने आई है, उसमें 17 TMC सांसद दिख रहे हैं। स्पीकर से मुलाकात से पहले सांसदों ने बंगाल भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की थी। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला बागी TMC सांसदों की उस मांग पर कानूनी राय ले सकते हैं, जिसमें उन्होंने NCPI में शामिल होने के बाद खुद को अलग संसदीय गुट के रूप में मान्यता देने की मांग की है। इस मामले में फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले लिया जा सकता है। संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि संविधान के अनुसार केवल कोई राजनीतिक दल ही दूसरी पार्टी में विलय कर सकता है। सांसद या विधायक अपने स्तर पर किसी दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। इसलिए बागी सांसदों की मांग पर फैसला लेने से पहले कानूनी स्थिति स्पष्ट की जा सकती है।

### बंगाल पुलिस ने ...

दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं। 24 मई को आए नतीजे में जहांगीर की हार हुई। इसके बाद से जहांगीर लगभग गायब ही रहे। उन्हें न तो घर पर देखा गया और न ही पार्टी कार्यालय में। मई 2026 में जहांगीर ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी और गिरफ्तारी के खिलाफ अग्रिम जमानत मांगी थी।

# दीप्ति दुनिया की टॉप विकेट टेकर बनीं, हरमनप्रीत वर्ल्ड कप में भारत की नंबर-1 बैटर

# भारतीय खिलाड़ियों ने 11वीं बार पाकिस्तानियों से हाथ नहीं मिलाया

खेल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया। दीप्ति शर्मा ने सिर्फ 10 रन केर 5 विकेट लिए। अब वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अब टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। इससे पहले हरमन ने टॉस के समय पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान की पारी के 15वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने बेहतरीन कैच पकड़ा। श्री चरणी ने ओवर की चौथी गेंद ऑफ-स्टंप से बाहर फ्लाइटेड डिलीवरी डाली। पाकिस्तानी बैटर रमीन शमीम ठीक से ड्राइव शॉट नहीं लगा पाईं। गेंद बैकवर्ड पॉइंट की तरफ तेजी से गई, जहां श्रेयंका ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाकर दोनों हाथों से जबरदस्त कैच पकड़ा।



भारतीय कप्तान हरमन ने पाक कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया।

दीप्ति टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने थाईलैंड की थिपाचा पुत्थावोंग पीछे छोड़ा। थिपाचा के नाम 165 विकेट दर्ज हैं। दीप्ति के अब 166 टी-20 इंटरनेशनल में विकेट हो गए हैं।

दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 10 रन देकर 5 विकेट लिए। यह विमेंस T20 वर्ल्ड कप में किसी भी भारतीय गेंदबाज का बेस्ट स्पेल है। दूसरे स्थान पर रेणुका सिंह ठाकुर हैं। उन्होंने 2023 में गकेबेर्हा में इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर 5 विकेट झटके थे।

विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट भारत की झूलन गोस्वामी के नाम है। उन्होंने 355 विकेट चटकाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा

**पाकिस्तान के खिलाफ पुरुष-महिला, जूनियर और सीनियर मिलाकर लगातार 11वें क्रिकेट मैच में भारत ने नो हैंडशेक का स्टैंड बरकरार रखा। पहलगाम आतंकी हमले और दोनों देशों के बीच तनाव के बाद भारतीय टीमों ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का फैसला किया था।**

### शेफाली ने मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाया

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। शेफाली ने पाकिस्तान की गेंदबाज सादिया इकबाल की फुल लेंथ बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर भेज दिया। हालांकि, वे इसी ओवर में स्लिप को कैच भी दे बैठीं। उन्होंने महज 6 रन बनाए।



### आलिया से स्मृति मंधाना का कैच छूटा

भारत की पारी के 8वें ओवर में ओपनर स्मृति मंधाना को जीवनदान मिला। 27 रन पर उनका कैच ड्रॉप हो गया। तस्मिया रुबाब ने पांचवी गेंद फुलर लेंथ पर डाली। मंधाना ने पीछे हटकर शॉट खेला, लेकिन बॉल मिसटाइम होकर हवा में चली गई। मिड ऑफ पर मौजूद आलिया ने पीछे दौड़ते हुए कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को एक विकेट से हराया

## तीसरे वनडे में कोनोली ने 149 रन बनाए

ढाका, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को एक विकेट से हरा दिया। इस जीत के टीम ने सीरीज में क्लीन स्वीप से बचाव कर लिया। इससे पहले दोनों वनडे बांग्लादेश ने जीते थे।

ढाका में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 274 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 49.3 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो कूपर कॉनॉली रहे। उन्होंने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 149 रन की शानदार पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 48 रन देकर 6 विकेट लिए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। 275 रन के लक्ष्य



का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत तेज रही। जोश इंग्लिस ने 12 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन शोरिफुल इस्लाम ने एक ही ओवर में इंग्लिस और मैट रेनशॉ को आउट कर मैच में बांग्लादेश की वापसी करा दी।

इसके बाद एलेक्स कैरी भी 71 रन के स्कोर पर आउट हो गए। एक छोर पर विकेट गिरते रहे, लेकिन कोनोली टिके रहे। उन्होंने पहले मार्नस लाबुशेन (29) के साथ 64 रन और फिर कैमरन ग्रीन (27) के साथ 58 रन की साझेदारी की।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर सीरीज जीती

## जोसेफ ने 5 विकेट लिए, होल्डर ने 5 गेंदों पर 21 रन बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने तीसरे और निर्णायक टी-20 मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। सबीना पार्क, किंग्स्टन में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 169 रन बनाए।

जवाब में वेस्टइंडीज ने शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 54 रन की पारी की बदौलत 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम ने 2 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। श्रीलंका की ओर से दुनिथ वेल्लालागे ने 43 रन और कामिल मिशारा ने 28 रन बनाए। वहीं, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते



हुए 5 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

तीन मैचों की सीरीज पहले दो मुकाबलों के बाद 1-1 से बराबरी पर थी। पहले टी-20 में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी, जबकि दूसरे मैच में श्रीलंका ने 37 रन से जीत हासिल कर सीरीज बराबर कर ली थी। तीसरे मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान कुसल मेंडिस सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने दूसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। निसांका ने 17 गेंदों पर 26 रन बनाए, जबकि मिशारा 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए।

पवन रत्नायके खाता भी नहीं खोल सके और शमर जोसेफ का शिकार बने। कामिंदु मेंडिस ने 20 रन और दासुन शनाका ने 16 रन का योगदान दिया।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप में जर्मनी की बड़ी जीत

## डेब्यू मैच खेल रही कुरासाओ को 7-1 से हराया, काई हैवर्ट्ज ने डबल गोल किए

ह्यूस्टन, एजेंसी

चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपने अभियान का धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने रविवार रात को कुरासाओ 7-1 से हरा दिया।

ग्रुप-ई के इस मुकाबले के छठे मिनट में जर्मनी ने गोल स्कोर किया। फिर पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही कुरासाओ ने गोल भी किया। यह उसका टूर्नामेंट के इतिहास में पहला गोल है। जर्मनी ने दूसरे हाफ में छह गोल दागकर मुकाबला एकतरफा कर दिया।

ह्यूस्टन स्टेडियम में जर्मनी के काई हैवर्ट्ज ने डबल गोल किए, जबकि टीम के 6 अन्य खिलाड़ियों ने भी गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। जर्मनी अब अपने अगले मुकाबले में आइवरी कोस्ट से खेलेगी, जबकि कुरासाओ की टीम इक्वाडोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। कुरासाओ वर्ल्ड कप खेलने वाला अब तक का सबसे छोटा देश बना है। टीम ने अपना पहला गोल भी दागा। 21वें मिनट में लिवानो कोमेनेंसिया ने यह गोल दागा।



### जर्मनी ने दूसरे हाफ में 4 गोल दागे

दूसरे हाफ की शुरुआत के दो मिनट बाद ही जमाल मुसियाला ने गोल कर बढ़त 4-1 कर दी। इसके बाद 68वें मिनट में नाथानियल ब्राउन और 78वें मिनट में डेनिज उंडाव ने गोल किए। 88वें मिनट में हैवर्ट्ज ने अपना दूसरा और टीम का 7वां गोल दागकर जीत का अंतर 7-1 कर दिया।

### हैवर्ट्ज ने हाफ टाइम से पहले गोल दागा

जर्मनी ने जल्द ही मैच पर फिर नियंत्रण हासिल कर लिया। 38वें मिनट में निको श्लोटरबेक ने कॉर्नर पर हेडर लगाकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

पहले हाफ के इंजरी टाइम में फेलिक्स नेमेचा को बॉक्स में गिराए जाने पर जर्मनी को पेनल्टी मिली। काई हैवर्ट्ज ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया।



### जर्मनी ने छठे मैच में बढ़त बनाई

जर्मनी ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। छठे मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज के पास पर फेलिक्स नेमेचा ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर 21वें मिनट में कुरासाओ ने मुकाबले में वापसी करते हुए अपना पहला वर्ल्ड कप गोल दागा। लिवानो कोमेनेंसिया ने बॉक्स के बीच से शानदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया।

मनोरंजन

## ब्राजील में दो हेलिकॉप्टर टकराए, यूट्यूबर गैस्पी की भी जान गई

# हेलिकॉप्टर क्रैश में सिंगर ओलिवर ट्री की हुई मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

सिंगर-सॉन्गराइटर ओलिवर ट्री की ब्राजील में एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। वह 32 साल के थे। इस हादसे में कुल छह लोगों की जान चली गई।

मृतकों में ओलिवर ट्री, अर्जेंटीना के यूट्यूबर गैस्पर प्रिम (गैस्पी), लुकास विग्नेल, लुकास ब्रिटो चावेस और पायलट एलेक्जेंड्रे सूजा व चार्ल्स मार्सिलैक शामिल थे।

हादसे के समय ओलिवर ट्री इंटरनेशनल टूर पर थे। उन्होंने 6 जून को साओ पाउलो में परफॉर्म किया था और 1 जुलाई को लिस्बन में परफॉर्म करने वाले थे। उनके स्पेन, ऑस्ट्रिया, यूनाइटेड स्टेट्स और चीन में भी शो थे।



न्यूज एजेंसी ANI की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा रविवार को रियो डी जेनेरियो में हुआ, जब दो हेलिकॉप्टर हवा में टकरा गए। टक्कर के बाद दोनों एयरक्राफ्ट क्रैश हो गए और मौके पर आग लग गई। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और हादसे का कारण पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एक हेलिकॉप्टर में सवार पांच लोगों और दूसरे हेलिकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। किसी के बचने की खबर नहीं है।

**ओलिवर ट्री अपने अल्टरनेटिव, पॉप और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक के मिक्स के लिए जाने जाते थे। उन्हें 'लाइफ गोज ऑन' और 'मिस यू' जैसे गानों से दुनिया भर में पहचान मिली।**

### हादसे की जांच में जुटी पुलिस

रियो डी जेनेरियो स्टेट सिविल पुलिस ने कन्फर्म किया है कि मामले की जांच चल रही है। पुलिस के मुताबिक, फोरेंसिक टीमों ने मौके का मुआयना किया है और सेंटर फॉर द इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन ऑफ एरोनॉटिकल एक्सीडेंट्स की रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं। मृतकों की पहचान के लिए फोरेंसिक टेस्ट भी किए जाएंगे।

### उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति ने की दूसरी शादी

नई दिल्ली। उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति मोहसिन अख्तर ने दूसरी शादी कर ली है। रविवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने निधा भट्ट से शादी की है।

शादी की झलकियां शेयर करते हुए मोहसिन ने एक इमोशनल पोस्ट लिखी। उन्होंने कहा कि सच्चे इरादों, ईमानदार प्यार और धैर्य के साथ उन्हें जीवन में फिर से प्रेम मिला है। उन्होंने अपनी पत्नी निधा भट्ट का आभार जताते हुए लिखा कि उन्होंने उनके जीवन में रोशनी लाई है।

मोहसिन ने अपनी पोस्ट में दिवंगत प्रियजनों को भी याद किया और कहा कि उनकी दुआओं और आशीर्वाद की वजह से उन्हें जीवन में यह नया साथ मिला है। उन्होंने दोनों के लिए दुआ करने की अपील भी की। मोहसिन अख्तर की पहली शादी एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर से हुई थी। दोनों ने 4 फरवरी 2016 को एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की थी।

## पूर्व जज रघु राम ने वायरल वीडियो को फेक बताया, बोले- मैं उनसे कभी नहीं मिला

# रोडीज में अभिजीत दीपके को नहीं दी गई गाली

नई दिल्ली, एजेंसी

टीवी शो रोडीज के पूर्व जज रघु राम ने वायरल हो रहे एक पुराने ऑडिशन वीडियो पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि वीडियो में जिस युवक को रघु राम डांटते और अपशब्द कहते दिखाई दे रहे हैं, वह कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके हैं।

रघु राम ने एक वीडियो जारी कर इन दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा, "मुझे बताया जा रहा है कि रोडीज का मेरा एक पुराना इंटरव्यू ट्रेंड कर रहा है, जिसमें मैं एक लड़के पर भड़क रहा हूं, उसे धक्का दे रहा हूं। लोग कह रहे हैं कि वह कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर



अभिजीत दिपके का इंटरव्यू है। यह फेक है। मैं उनसे कभी मिला ही नहीं हूं।"

रघु राम ने आगे कहा कि इस तरह की गलत जानकारी फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने उन लोगों की भी आलोचना की, जो इस दावे को आगे बढ़ा रहे हैं। CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं।

### सीजेपी के प्रदर्शन में प्रकाश राज शामिल हुए

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने रविवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान एक्टर प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनके हाथ में एक फूल था। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने NEET पेपर लीक और CBSE की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया।



## बॉडी फंदे से लटकी मिली, सुसाइड का दावा, मौत से कुछ घंटों पहले रील पोस्ट की

# 'कुमकुम भाग्य' एक्ट्रेस संचिता उगले का निधन

**उनकी दुखद मौत की खबर से टीवी इंडस्ट्री सदमे और शोक में है, हालांकि मौत की वजह अभी पता नहीं चली है। संचिता उगाले कई लोकप्रिय टीवी सीरियल्स में यादगार किरदार निभाकर मशहूर हुई थीं। 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' जैसे पॉपुलर सीरियल्स में उनके किरदारों को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।**

मुंबई। टीवी इंडस्ट्री से दिल तोड़ने वाली खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीवी एक्ट्रेस और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' फेम संचिता उगले ने आत्महत्या कर ली है। वह सिर्फ 30 साल की थीं। संचिता टेलीविजन और फिल्में, दोनों में अपने-अपने किरदारों के लिए जानी जाती थी। उन्होंने हिट डेली सोप 'कुमकुम भाग्य' और टेलर कौशल स्टार फिल्म 'छावा' के साथ-साथ मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में भी काम किया।

संचिता उगले के बारे में बताया जा रहा है कि उन्होंने कल रात आत्महत्या की। खबरों की मानें तो रविवार की रात 7:30 बजे संचिता उगले ने अपनी जान ले ली। संचिता उगले अपने घर पर मृत पाई गईं। वह मुंबई के वसई क्षेत्र में रहती थीं। संचिता की मौत को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और लगातार मामले की छानबीन कर रही है। संचिता उगले ने बीती रात ही इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बेहद खुश दिख रही थीं।

### साड़ी से लगाई फांसी, छोटी बहन काम से गई बाहर

संचिता की मौत को लेकर खबर है कि उन्होंने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वो अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ अपने घर में रहती थीं। उस वक्त घर में केवल बहन थी, वो भी शाम को थोड़ी देर के लिए किसी काम से बाहर गई, तभी मौका देखकर संचिता ने फांसी लगा ली। हालांकि, कारणों की जांच पुलिस अभी कर रही है।





संचिता केवल 30 साल की थीं और टीवी के अलावा उन्होंने फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं, जैसे 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएगे' में सुकून का किरदार और विक्की कौशल स्टारर 'छावा' में ताराबाई का किरदार। उन्होंने 'वागले की दुनिया' शो में भी काम किया। संचिता का आखिरी पोस्ट एक रील थी, जिसमें वह एक गाने की तेज धुन पर झूमती हुई खुश और उत्साहित नजर आ रही थीं। साल 2025 के बीच में, संचिता तब चर्चा में आईं जब उन्होंने ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर मिशा अग्रवाल की आत्महत्या पर सार्वजनिक रूप से अपना दुख जाहिर किया। कहा जाता है कि मिशा ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स कम होने के बाद अपने करियर के फेल होने के डर से अपनी जान दे दी थी। संचिता ने इस घटना को दिल दहला देने वाला बताया और वर्चुअल अप्रूवल की बढ़ती दीवानगी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'यह देखकर मेरा दिल टूट जाता है कि युवा लोग अपनी जिंदगी के बारे में कितनी आसानी से सोच लेते हैं।'



अधिकारियों ने 2 घंटे पूछताछ की थी, कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, कई मुद्दों पर पूछताछ की

# दावा : बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के सलाहकार दिल्ली एयरपोर्ट से लौटे

**रोक**

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें करीब दो घंटे तक वेटिंग रूम में बैठाए रखा और कई मुद्दों पर पूछताछ की।

इसके बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस मांगा और भारत में आने से इनकार कर दिया। बाद में वह कोलंबो के रास्ते सोमवार सुबह ढाका पहुंचे। वह इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (IORA) की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए थे।

बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह ने भी भारतीय अधिकारियों से इस यात्रा को लेकर बात की थी। इसी वजह से ढाका में कई वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे घटनाक्रम को रहस्यमय बता रहे हैं। उनका कहना है कि पहले से आधिकारिक जानकारी देने के बावजूद एयरपोर्ट पर ऐसी स्थिति कैसे बनी, यह समझ से बाहर है। दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के अधिकारियों ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मिशन के सभी विभागों को इस घटना की जानकारी नहीं थी। वहीं कई सूत्रों ने यह भी कहा कि भारतीय अधिकारियों ने डॉ. जाहेद के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया। उनका मानना है कि यात्रा से जुड़ी समन्वय और संचार की कमी इस स्थिति की एक वजह हो सकती है। हालांकि अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।ढाका में सरकारी सूत्रों का कहना है कि पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है और तथ्य सामने आने के बाद आगे का फैसला किया जाएगा। फिलहाल नई दिल्ली की ओर से आधिकारिक सफाई का इंतजार है।



■ डॉ. जाहेद का नाम भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की एक निगरानी सूची (वॉचलिस्ट) में था, जिसके कारण एयरपोर्ट उनकी जांच की गई।

**जानकारी के मुताबिक डॉ. जाहेद राजनयिक पासपोर्ट पर नहीं बल्कि सामान्य बांग्लादेशी पासपोर्ट और सार्क वीजा पर यात्रा कर रहे थे। उनके पास इस यात्रा के लिए कोई सरकारी अनुरोध पत्र भी नहीं था।**

### दावा- जाहेद का नाम सुरक्षा एजेंसियों की वॉचलिस्ट में था

डॉ. जाहेद के करीबी लोगों का दावा है कि उनका नाम भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की एक निगरानी सूची (वॉचलिस्ट) में था, जिसके कारण उनकी अतिरिक्त जांच की गई। उनका आरोप है कि भारत विरोधी सामग्री बनाने या प्रसारित करने के आरोपों की वजह से उनका नाम इस सूची में डाला गया था। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन दावों की न पुष्टि की है और न ही खंडन किया है।



### उच्चायुक्त ने यात्रा की जानकारी पहले ही दी थी

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने भारत के विदेश मंत्रालय को आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया था कि डॉ. जाहेद IORA बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

# ईरान को 300 अरब डॉलर देगा अमेरिका

**तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस पर आधिकारिक मुहर भी लग जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर कितने बेताब थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह ईरान को 300 अरब डॉलर का पुननिर्माण पैकेज देने के लिए तैयार हो गए।

इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से पहले ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी मेहर ने अमेरिका-ईरान के बीच 14 सूत्रीय सहमति पत्र का मसौदा पब्लिश किया है। समझौता ज्ञापन के मसौदे में कई मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तुरंत रोकने, ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंध हटाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और ईरान के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज का प्रावधान शामिल है।



बता दें कि इस दस्तावेज को वॉशिंगटन या तेहरान ने आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और ईरानी अधिकारियों द्वारा घोषित शुरुआती समझौते के बाद यह एक व्यापक शांति प्रक्रिया का आधार बनेगा। इस मेमोरैंडम पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाने हैं।

महीनों की बातचीत के बाद समझौते को दिया गया अंतिम रूप

सामने आई जानकारी से पता चलता है कि यह समझौता दुश्मनी खत्म करने और बातचीत के दूसरे दौर के लिए माहौल बनाने पर केंद्रित है। इस दूसरे दौर में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों और आर्थिक सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

**फास्ट न्यूज**

### चांदी 8,429 बढ़कर 2.51 लाख पर पहुंची

नई दिल्ली। सोना-चांदी के दाम में 15 जून को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 8,429 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.43 लाख रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,369 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### इजरायल को लेकर बदले ट्रंप के सुर

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच ऐतिहासिक शांति समझौते के एलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया है। ट्रंप ने दावा किया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमला करके इस शांति समझौते को लगभग पटरी से उतार दिया था, जिसकी वजह से वाशिंगटन और तेहरान के बीच यह समझौता होने में देरी हुई। उन्होंने कहा कि इजरायल को इस शांति समझौते के लिए अमेरिका का बहुत शुक्रगुजार होना चाहिए, क्योंकि इस डील ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोक दिया है।

### नून-रोटी परोसा, अलग अंदाज में सुनाया वंदे मातरम

ब्रातिस्लावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यूरोपीय यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा पहुंचे, जहां उनका बेहद शानदार और पारंपरिक स्वागत किया गया। स्लोवाकिया का दौरा करने वाले नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। उनके स्वागत में स्लोवाकिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक संगीत और डांस परफॉर्मेंस का एक रंगारंग नजारा पेश किया गया।

## पाकिस्तान में ट्रेनिंग के दौरान एयरफोर्स का फाइटर जेट क्रैश

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बड़ा सैन्य हादसा हो गया। जहां पाकिस्तानी वायु सेना (PAF) का एक प्रशिक्षण विमान नियमित उड़ान के दौरान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई। यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मरदान जिले में कटलंग रोड के पास जाबर नहर इलाके में हुआ। जहां विमान सड़क पर गिरते ही आग का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया।

इस हादसे में विमान में सवार दोनों पायलट लेफ्टिनेंट मुहम्मद कासिम अब्दुल्ला और नौसेना के लेफ्टिनेंट ताहा अब्बासी की मौत हो गई। वायु सेना मुख्यालय ने हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच बोर्ड का गठन किया गया है।

सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के मुताबिक, यह विमान नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था। इस दुखद घटना पर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर सहित रक्षा बलों के प्रमुखों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉन खबर की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुर्घटना पांच दिन पहले हुई एक अन्य दुर्घटना के बाद हुई है। पाकिस्तान सेना विमानन का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुधवार को मुजफ्फरबाद के पास उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।



- नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दो पायलट शहीद।
- वायु सेना मुख्यालय ने उच्च स्तरीय जांच बोर्ड बनाया।

अब तक का सबसे महंगा शो, ₹567 करोड़ खर्च, जीत के बाद विजेता राष्ट्रपति से मिला

# ट्रम्प ने जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में कराई यूएफसी फाइट

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी UFC मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। UFC ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा UFC आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया।

पहले मुकाबले में बो निकल ने पहले ही राउंड में काइल डाउकस को नॉकआउट कर दिया। उन्होंने एक जोरदार लेफ्ट हुक और राइट पंच से प्रतिद्वंद्वी को गिराया, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जीत के तुरंत बाद बो निकल रिंग से बाहर आए और सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास पहुंचे। दोनों ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (UFC) आज दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (MMA) लीग है। इसकी शुरुआत 1993 में अमेरिका में हुई थी। उस दौर में बॉक्सिंग, कराटे, कुश्ती और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी अलग-अलग फाइटिंग शैलियों के समर्थक अपनी-अपनी तकनीक को सबसे प्रभावी बताते थे। इस पर काफी बहस होती थी कि असली मुकाबले में कौन-सा मार्शल आर्ट सबसे ज्यादा कारगर साबित होगा।




**गेथजे को लाइट-वेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके कई सीनियर अफसर, खास मेहमान और हजारों सैन्यकर्मी मौजूद थे।**



### ट्रम्प ने कहा- यह धरती का सबसे बड़ा शो

राष्ट्रपति ट्रम्प और कई अधिकारियों ने आयोजन की तारीफ की। ट्रम्प ने इसे 'धरती का सबसे बड़ा शो' बताया और 'क्लॉ' की तुलना पेरिस के एफिल टॉवर से की। वहीं विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने UFC को अमेरिका की सॉफ्ट डिप्लोमैटिक पावर बताया। इस इवेंट में कुल 14 फाइटर ने हिस्सा लिया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस आयोजन का सबसे बड़ा फायदा UFC ब्रांड को मिल सकता है। एक समय ऐसा था, जब इस खेल को प्रायोजकों और कई आयोजकों ने स्वीकार नहीं किया था। एक अमेरिकी सीनेटर ने इसे कभी 'मानव मुर्गा लड़ाई' तक कहा था।

# थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा

## मई में 9.68% पहुंची, फ्यूल महंगा हुआ, अनाज और तेल की कीमतें भी बढ़ीं



**नई दिल्ली, एजेंसी**

मई में थोक महंगाई (WPI) बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26% पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 जून को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है। इसके अलावा अनाज और तेल भी महंगा हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से तनाव है। स्थितियां सामान्य नहीं हुईं तो महंगाई और बढ़ सकती है।

मई में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.93% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.48% थी। पिछले 5 महीनों में यह पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के टारगेट 4% के बेहद करीब पहुंच गई है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।



■ फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 24.89% से बढ़कर 30.33% हो गई है।

**प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।**

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

# अमेरिका-ईरान समझौते पर भड़का इजरायल

## नेतन्याहू के मंत्री ने कहा- हम ट्रंप के गुलाम नहीं

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक शांति समझौते पर इजरायल की तरफ से पहली आधिकारिक और तीखी प्रतिक्रिया आई है। इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने सोमवार को साफ लफ्जों में एलान किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुई यह डील इजरायल पर बिल्कुल भी लागू नहीं होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल अपने सुरक्षा फैसले खुद लेने के लिए पूरी तरह आजाद है।

बता दें कि इजरायली मंत्री का यह बयान तब आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और युद्ध में एक अस्थायी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने पर शुरुआती सहमति बनी है। इस समझौते पर शुक्रवार, 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक रूप से दस्तखत होने की उम्मीद है।



शांति समझौते के एलान के बाद इस्राइली मंत्री ग्विर ने दो टूक अंदाज में कहा कि इजरायल अपने सुरक्षा हितों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों के भरोसे नहीं छोड़ सकता। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा कि ट्रंप का समझौता हमें नहीं बांध सकता।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इजरायल संयुक्त राज्य अमेरिका के अधीन नहीं है, हम एक स्वतंत्र और संप्रभु देश हैं।

**एलान :** प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर जोर दिया

# ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर लगेगा बैन

**लंदन, एजेंसी**

बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाने का एलान किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाएगी। इसके साथ ही गेमिंग और लाइवस्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री स्टार्मर ने अभी उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के नामों का खुलासा नहीं किया है जिन पर यह बैन लगेगा, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि यह नियम अगले



**गौरततलब है कि ब्रिटिश सरकार की योजना के मुताबिक, इस कानून को क्रिसमस से पहले संसद से पास कराने की तैयारी है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो अगले साल की शुरुआत में यह ऐतिहासिक बैन पूरी तरह से लागू हो जाएगा।**

### 'बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं'

इस बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। उन्होंने माना कि इस नियम को लागू करना आसान नहीं होगा, लेकिन बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ सरकारों को यह जिम्मेदारी उठानी ही होगी।

### ऑस्ट्रेलिया की राह पर ब्रिटेन

बता दें कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने वाला ब्रिटेन अकेला देश नहीं है। दुनिया भर में यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे देश पहले ही उम्र के आधार पर ऐसे प्रतिबंध लगा चुके हैं या इसके प्रस्ताव ला चुके हैं। वहीं फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह के नियमों पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में पीएम स्टार्मर ने ब्रिटेन के इस कदम को दुनिया में सबसे आगे रहने वाला उपाय बताया और संकेत दिया कि यह ऑस्ट्रेलिया के कानून (जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर बैन है) से भी ज्यादा सख्त हो सकता है।

# रूस का यूक्रेन पर फिर बड़ा हमला कीव के मठ में लगी आग

**कीव, एजेंसी**

पिछले तीन वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर भयानक रूप ले लिया है। सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई जगहों पर रूस ने भीषण हवाई हमला किया। इस एयरस्ट्राइक में 5 बचावकर्मियों सहित कुल 9 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा किए गए इस हमले में नेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर सूची में शामिल कीव का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक प्रतीक 'पेचेर्स्क लावर मोंटेसरी' (मठ) सीधे हमले की चपेट में आ गया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। राजधानी कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में जानकारी दी कि साल 1051 में स्थापित और यूनेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर सूची में शामिल 'कीव पेचेर्स्क लावरा' मठ सीधे हमले की चपेट में आने से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेनी प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीदेंको ने 'X' पर लिखा, यह हमारे लोगों और हमारी ऐतिहासिक विरासत पर एक क्रूर हमला है। यही रूस के ऑर्थोडॉक्स मूल्यों का असली चेहरा है। मठ से उठती भीषण और ऊंची लपटों को देखकर स्थानीय निवासियों ने जमीन के नीचे बने बंकरों में शरण ली। जून की शुरुआत के बाद से यूक्रेन पर रूस का यह अब तक का सबसे भयानक हवाई हमला माना जा रहा है। इससे पहले जून के शुरुआती हफ्ते में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों में 20 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।



**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676